1. दिल्ली में अधिक सर्दी :

- क. जुलाई-अगस्त में पड़ती है।
- ख. दिसम्बर-जनवरी में पड़ती है।
- ग. मार्च-अप्रैल में पड़ती है।
- घ. सितम्बर-अक्टूबर में पड़ती है।

2. भारत एक प्रायद्वीप है क्योंकि यह :

क. पश्चिम में अरब सागर से घिरा हुआ है।

ख. पूर्व में बंगाल की खाड़ी से घिरा हुआ है।

ग. दक्षिण में हिन्द महासागर से घिरा हुआ है।

घ. तीन ओर समुद्र से घिरा हुआ है।

3. सोवियत संघ की राजधानी है :

क. सिडनी

ख. मास्को

ग. टोकियो

घ. वाशिंगटन

4. हमारे देश में चाय की पैदावार का अधिक भाग अन्य देशों को निर्यात किया जाता है। यदि हमारे पास यातायात के साधन न होते तो :

क. चाय उद्योग समाप्त हो जाता।

ख. मज़दूरों को चाय के बागों में आने-जाने में कठिनाई होती।

ग. चाय के स्थान पर कुछ अन्य फसलें उगाई जातीं।

घ. भारत के पास विदेशी मुद्रा कमाने का साधन कम हो जाता।

5. हमारे लिए जलवायु का अध्ययन इसलिए ज़रूरी है क्योंकि जलवायु से :

क. पुस्तकें पढ़ने का ढंग प्रभावित होता है।

ख. बातचीत करने का तरीका प्रभावित होता है।

ग. हमारा रहन-सहन का तरीका प्रभावित होता है।

घ. पाठशाला का वातावरण प्रभावित होता है।

6. पम्पाज़ संसार के सबसे अच्छे कृषि क्षेत्रों में है क्योंकि :

क. यहाँ ज़मीन समतल और मिट्टी उपजाऊ है।

ख. यह भूमध्य रेखा के पास स्थित है और यहाँ की जलवायु हमेशा गर्म रहती है।

ग. यहाँ सर्दियों में बहुत ठण्ड पड़ती है।

घ. यहाँ गेहूँ बहुत पैदा किया जाता है।

7. ग्रीनलैंड में बहुत कम आदमी रहते हैं क्योंकि :

क. ग्रीनलैंड निवासी सील का मांस खाते हैं।

ख. यहाँ पर अधिकतर लोग लकड़ी के मकानों में रहते हैं।

ग. यहाँ की जलवायु बहुत ठण्डी है।

घ. यहाँ के लोगों का धंधा मछली पकड़ना है।

8. निम्न में से कौन-सा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार कहलाता है ?

क. जब वस्तुएँ एक गाँव से दूसरे गाँव में भेजी जाती हैं।

ख. जब वस्तुएँ एक ज़िले से दूसरे ज़िले में भेजी जाती हैं।

ग. जब वस्तुएँ एक राज्य से दूसरे राज्य में भेजी जाती हैं।

ग. जब वस्तुएँ एक देश से दूसरे देश में भेजी जाती हैं।

9. जापान के किसान खेती की भूमि कम होने पर भी अधिक पैदावार कर लेते हैं। इसका मुख्य कारण है :

क. भूमि का अच्छा होना।

ख. खेती के आधुनिक तरीके अपनाना।

ग. सिंचाई की सुविधा होना।

घ. वनों का अधिक होना।

10. हिमशैल किसे कहते हैं ?

क. बर्फ़ से ढके हुए पहाड़ को।

ख. समुद्र के बीच बड़ी-बड़ी चट्टानों को।

ग. समुद्र में तैरती हुई बर्फ़ की पहाड़ी को।

घ. समुद्र में तैरते हुए सफ़ेद जहाज़ को।

11. किस देश के वनों की लकड़ी का उपयोग कागज़ बनाने में सबसे अधिक होता है ?

क. कनाडा

ख. ग्रीनलैंड

ग. ज़ायरे (कांगो)

घ. अर्जेंटीना

12. एल्फ़ाल्फ़ा :—

क. एक प्रकार की जड़ी-बूटी होती है जिसको खाने से पशु मर जाते हैं।

ख. एक प्रकार की पौष्टिक बूटी होती है जिसको खाने से पशु अधिक दूध व मांस देते हैं।

ग. एक प्रकार का फल होता है जो कांगों (ज़ायरे) में पैदा होता है।

घ. एक प्रकार की सब्जी होती है जो अर्जेंटीना में अधिक पैदा की जाती है।

13. प्रत्येक ग्रह को सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने में अलग-अलग समय लगता है क्योंकि :

क. प्रत्येक ग्रह की चाल अलग-अलग है।

ख. प्रत्येक ग्रह के मार्ग की लम्बाई व चाल अलग-अलग है।

ग. प्रत्येक ग्रह के मार्ग की लम्बाई अलग-अलग है।

घ. कुछ ग्रह अधिक तेज़ चलते हैं।

14. भूमध्य रेखा पृथ्वी को दो गोलार्द्धों में बाँटती है :

क. उत्तरी व दक्षिणी गोलार्द्ध

ख. पूर्वी व पश्चिमी गोलार्द्ध

ग. उत्तरी-पश्चिमी व दक्षिणी-पूर्वी गोलार्द्ध

घ. उत्तरी-पूर्वी तथा दक्षिणी-पश्चिमी गोलार्द्ध

15. कौन-सी नदी भूमध्य रेखा को दो बार काटती है ?

क. नाइजर

ख. नील

ग. जेम्बजी

घ. कांगो (ज़ायरे)

16. एक देश से दूसरे देश में सामान अधिकतर :

क. वायु-मार्ग से भेजा जाता है।

ख. थल-मार्ग से भेजा जाता है।

ग. समुद्री-मार्ग से भेजा जाता है।

घ. वायु तथा थल-मार्ग से भेजा जाता है।

17. भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर को स्वीकार किया :

क. 9 अगस्त 1942 को

ख. 30 अक्टूबर 1945 को

ग. 15 अगस्त 1947 को

घ. 26 जनवरी 1950 को

18. संयुक्त राष्ट्र संघ का केन्द्रीय कार्यालय है :

क. न्यूयार्क नगर में

ख. लन्दन नगर में

ग. पेरिस नगर में

घ. मास्को नगर में

19. संयुक्त राज्य अमरीका का कौन-सा उद्योग निम्न उद्योगों में सबसे बड़ा उद्योग है :

क. कपड़ा उद्योग

ख. यातायात उद्योग

ग. मशीन तथा धातु उद्योग

घ. तम्बाकू तथा खाद्य उद्योग

20. संसार में सबसे तेज़ रेलगाड़ियाँ :

क. इंगलैंड में चलती हैं।

ख. भारत में चलती हैं।

ग. रूस में चलती हैं।

घ. जापान में चलती हैं।

21. सोवियत संघ की आबादी भारत की आबादी की :

क. लगभग आधी है।

ख. लगभग एक चौथाई है।

ग. लगभग बराबर है।

घ. लगभग तीन चौथाई है।

22. उत्तरी पश्चिमी यूरोप की जलवायु शीतकाल में अधिक ठण्डी नहीं होती है क्योंकि :

क. यहाँ शीतकाल में गर्म पवनें चलती हैं।

ख. यहाँ गल्फ़स्ट्रीम नाम की गर्म-धारा का प्रभाव रहता है।

ग. यहाँ शीतकाल में समुद्र का प्रभाव रहता है।

घ. यहाँ शीतकाल में ठण्डी पवनें नहीं चलती हैं।

23. मानसून पवनें :

क. सालभर स्थल से समुद्र की ओर चलती हैं।

ख. सालभर समुद्र से स्थल की ओर चलती हैं।

ग. वर्ष की एक ऋतु में स्थल से समुद्र की ओर और दूसरी ऋतु में समुद्र से स्थल की ओर चलती हैं।

घ. वर्ष की एक ऋतु मे पर्वतों से मैदानों की ओर और दूसरी ऋतु मे मैदानों से पर्वतों की ओर चलती हैं।

24. मरुप्रदेश का अली तुम्हारी तरह स्कूल में नहीं पढ़ता क्योंकि :

क. अली को पढ़ना-लिखना अच्छा नहीं लगता।

ख. उसके माँ-बाप बहुत गरीब हैं और स्कूल की फ़ीस नहीं दे सकते।

ग. अली के गाँव में कोई स्कूल नहीं है।

घ. अली अपने माता-पिता के साथ चलवासी जीवन व्यतीत करता है।

25. कांगो (ज़ायरे) के वनों में रहने वाले लोग बहुत कम कपड़े पहनते हैं क्योंकि :

क. यहाँ के लोग बहुत गरीब हैं और कपड़े नहीं खरीद सकते।

ख. यहाँ रुई, ऊन आदि वस्तुएँ नहीं मिलती जिससे वे कपड़े तैयार कर सकें।

ग. यहाँ के लोगों को कपड़े पहनने का शौक नहीं है।

घ. यहाँ इतनी अधिक गर्मी पड़ती है कि कपड़े पहनना अच्छा नहीं लगता।

26. ऋतुएँ बदलने का मुख्य कारण है :

क. पृथ्वी का परिभ्रमण।

ख. पृथ्वी की धुरी का सदा एक ओर झुका होना और उस पर पृथ्वी का निरन्तर परिभ्रमण।

ग. पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा।

घ. पृथ्वी की धुरी का सदा एक ओर झुका होना और साथ ही पृथ्वी द्वारा सूर्य का परिक्रमण।


27. संसार के मानचित्र में निम्नलिखित दिखाओ :

क. भारत

ख. हिन्द महासागर

ग. ग्रीनलैंड

घ. आस्ट्रेलिया



APPENDIX 19

ACHIEVEMENT TEST IN SOCIAL STUDIES
SCORING KEY

| Item No. | Scoring | Key | Item No. | Scoring | Key |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Kh | B | 16. | Ga | C |
| 2. | Gh | D | 17. | Kh | B |
| 3. | Kh | B | 18. | Ka | A |
| 4. | Gh | D | 19. | Ga | C |
| 5. | Ga | C | 20. | Gh | D |
| 6. | Ka | A | 21. | Ka | A |
| 7. | Ga | C | 22. | Kh | B |
| 8. | Gh | D | 23. | Ga | C |
| 9. | Kh | B | 24. | Gh | D |
| 10. | Ga | C | 25. | Gh | D |
| 11. | Ka | A | 26. | Gh | D |
| 12. | Kh | B | 27. | India | * |
| 13. | Kh | B | 28. | Indian Ocean | * |
| 14. | Ka | A | 29. | Greenland | * |
| 15. | Gh | D | 30. | Australia | * |

* to be shown on map.

## APPENDIX 20

### LANGUAGE ACHIEVEMENT TEST
### ITEM ANALYSIS

| Item No. | Difficulty value | Discrimination value | Item No. | Difficulty value | Discrimination value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22 | .49 | *24. | 10 | 0 |
| 2. | 72 | .59 | 25. | 30 | .68 |
| 3. | 55 | .63 | 26. | 69 | .67 |
| 4. | 28 | .40 | 27. | 61 | .47 |
| *5. | 82 | .13 | 28. | 66 | .43 |
| 6. | 62 | .52 | 29. | 36 | .56 |
| 7. | 38 | .44 | 30. | 56 | .41 |
| 8. | 70 | .67 | *31. | 9 | .27 |
| 9. | 39 | .49 | 32. | 51 | .53 |
| 10. | 53 | .52 | 33. | 62 | .47 |
| 11. | 62 | .48 | 34. | 31 | .52 |
| 12. | 51 | .53 | 35. | 52 | .45 |
| *13. | 21 | .19 | 36. | 40 | .49 |
| 14. | 44 | .44 | *37. | 90 | 0 |
| *15. | 10 | .19 | 38. | 58 | .54 |
| *16. | 8 | .12 | 39. | 62 | .56 |
| 17. | 50 | .59 | 40. | 46 | .44 |
| 18. | 48 | .51 | 41. | 52 | .45 |
| 19. | 62 | .47 | 42. | 53 | .52 |
| 20. | 40 | .57 | 43. | 24 | .47 |
| 21. | 50 | .53 | 44. | 32 | .41 |
| 22. | 22 | .49 | 45. | 30 | .68 |
| *23. | 13 | .19 | 46. | 31 | .52 |

*Items not retained in the final form of the test.

| Item No. | Difficulty value | Discrimination value | Item No. | Difficulty value | Discrimination value |
|---|---|---|---|---|---|
| 47. | 34 | .41 | 66. | 55 | .66 |
| 48. | 28 | .40 | 67. | 40 | .57 |
| 49. | 22 | .51 | 68. | 35 | .43 |
| 50. | 20 | .38 | 69. | 35 | .47 |
| 51. | 27 | .49 | 70. | 45 | .44 |
| 52. | 21 | .36 | 71. | 76 | .55 |
| 53. | 69 | .59 | 72. | 65 | .43 |
| *54. | 96 | 0 | *73. | 94 | 0 |
| 55. | 67 | .43 | 74. | 51 | .53 |
| 56. | 51 | .53 | 75. | 32 | .41 |
| 57. | 54 | .66 | 76. | 42 | .42 |
| 58. | 60 | .56 | 77. | 58 | .54 |
| 59. | 44 | .44 | 78. | 45 | .63 |
| 60. | 28 | .40 | 79. | 22 | .51 |
| 61. | 45 | .63 | 80. | 24 | .47 |
| 62. | 37 | .56 | 81. | 47 | .59 |
| 63. | 32 | .45 | 82. | 55 | .41 |
| 64. | 37 | .56 | 83. | 51 | .38 |
| 65. | 43 | .37 | 84. | 75 | .44 |
| | | | 85. | 37 | .56 |

*Items not retained in the final form of the test.

APPENDIX 21

# भाषा सम्प्राप्ति परीक्षण

## (कक्षा पाँचवी के लिए)

नाम ........................................ ........................................ रोल नं० ....................

कक्षा .................. वर्ग ..............................

विद्यालय का नाम और पता : दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय ........................................

........................................ ........................................

दिनांक ............................

---

1. इन शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखो। उदाहरण देखो :

| | |
|---|---|
| वृद्ध | वृद्धा |
| (1) विद्वान | .................. |
| (2) हाथी | .................. |
| (3) सम्राट | .................. |
| (4) नवयुवक | .................. |
| (5) अभिनेता | .................. |
| (6) महोदय | .................. |

2. प्रत्येक शब्द के सामने विपरीतार्थक शब्द लिखो। उदाहरण देखो :

| | |
|---|---|
| प्रकाश | अंधकार |
| (1) मान | .................. |
| (2) उन्नति | .................. |
| (3) सौभाग्य | .................. |
| (4) उचित | .................. |
| (5) ज्ञान | .................. |
| (6) अचेत | .................. |

3. नीचे लिखे प्रत्येक शब्द के लिए उसके सामान अर्थवाले दो-दो शब्द लिखो । उदाहरण देखो :

| | | |
|---|---|---|
| चाँद | चन्द्रमा | शशि |
| (1) सुमन | .................. | .................. |
| (2) आकाश | .................. | .................. |
| (3) भयंकर | .................. | .................. |
| (4) मित्र | .................. | .................. |

4. इनके लिए एक शब्द लिखो । जैसे :

| | |
|---|---|
| जहाँ बन्दियों को रखा जाता है | जेल |
| (1) जो सदा सत्य बोले | .............................. |
| (2) जो लोहे की चीज़ें बनाए | .............................. |
| (3) जो समाचार-पत्र के लिए समाचार एकत्र करे | .............................. |
| (4) जो वस्तुएँ खरीदे तथा बेचे | .............................. |

5. नीचे लिखे शब्दों को मिलाकर लिखो । उदाहरण देखो :

| | |
|---|---|
| यथा + उचित | यथोचित |
| (1) सूर्य + उदय | .................. |
| (2) विद्या + अर्थी | .................. |
| (3) न्याय + अधीश | .................. |
| (4) पर + उपकार | .................. |
| (5) सत्य + आग्रह | .................. |

6. नीचे प्रत्येक पंक्ति में चार-चार शब्द लिखे हैं। उन्हें पढ़ो। उसमें से एक शब्द सही है। प्रत्येक पंक्ति में सही शब्द ढूँढ़कर उसके नीचे रेखा खींचो। उदाहरण देखो :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | स्वदिश्ट | स्वादिष्ट | स्वादिश्ट | सवादिष्ट |
| (1) | लड़कियो | लड़कीयों | लड़कियों | लढ़कियों |
| (2) | चड़ाई | चढ़ाइ | चढ़ाई | चडाई |
| (3) | स्याही | श्याही | स्यिाही | सियाही |
| (4) | अनूचित | अनुचित | अनुचीत | आनुचित |
| (5) | विसतृत | विसत्रित | विस्त्रित | विस्तृत |

7. प्रत्येक पंक्ति में पहला शब्द पढ़ो और उसके सामने की खाली जगहों में दो विशेषण शब्द लिखो। उदाहरण देखो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| | बाल | काले | लम्बे |
| (1) | वृक्ष | ...................... | ...................... |
| (2) | फूल | ...................... | ...................... |
| (3) | मकान | ...................... | ...................... |
| (4) | चित्र | ...................... | ...................... |
| (5) | हाथी | ...................... | ...................... |

8. तुमने विभिन्न पाठों और कविताओं में देखा होगा कि एक वस्तु की तुलना अन्य वस्तु से की जाती है, जैसे—राम, सिंह के समान बली है। यहाँ राम की तुलना सिंह से की गई है। अर्थ को और भी स्पष्ट करने के लिए ऐसा किया जाता है। नीचे इसी तरह के कुछ वाक्य दिए गए हैं। दिए हुए शब्दों में से ठीक शब्द चुनकर प्रत्येक वाक्य पूरा करो। उदाहरण के लिए पहला वाक्य देखो।

फूल, रेशम, पत्थर, हरिश्चन्द्र, मोती, बर्फ, ताड़, समुद्र, गधे

उसके बाल ......रेशम...... जैसे मुलायम हैं।

(1) उसके दाँत ...................... से चमकते हैं।

(2) वह ...................... की तरह मूर्ख है।

(3) वह बालक ...................... सा कोमल है।

(4) उसका हृदय ...................... के समान कठोर है।

9. नीचे कुछ मुहावरे दिए गए हैं । प्रत्येक मुहावरे के नीचे चार अर्थ दिए गए हैं । सबसे सही अर्थ के नीचे रेखा खींच दो । उदाहरण देखो :

होश उड़ जाना

(क) नशे में चूर हो जाना

(ख) अपने आप को भूल जाना

(ग) <u>अत्यधिक घबरा जाना</u>

(घ) अत्यधिक दु:खी हो जाना

(1) नौ दो ग्यारह होना

(क) दौड़ लगाना

(ख) भाग जाना

(ग) जादू करना

(घ) चुपचाप बैठना

(2) काया पलट होना

(क) नया कपड़ा पहनना

(ख) बड़ा आदमी बन जाना

(ग) भला आदमी बन जाना

(घ) एक दम बदल जाना

(3) आकाश से गिरकर खजूर में अटकना

(क) बहुत ऊँचाई से गिरना

(ख) एक मुसीबत से दूसरी में फँसना

(ग) मुसीबत से बच निकलना

(घ) मुसीबत में सहारा मिलना

(4) अन्तिम नींद में सो जाना

(क) गहरी नींद में सो जाना

(ख) मृत्यु हो जाना

(ग) थकान मिटाना

(घ) बेहोश हो जाना

(5) लोहा लेना

(क) युद्ध करना

(ख) मुकाबला करना

(ग) हरा देना

(घ) बदला लेना

10. प्रत्येक पंक्ति में जो एक शब्द बाकी के शब्दों से भिन्न हो उसके नीचे रेखा खींचो।
उदाहरण देखो:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | परिश्रमी | ईमानदार | चरित्र | सत्यवादी |
| (1) | रेंडियर | रेवड़ | झुण्ड | समूह |
| (2) | सितार | मूर्ति | बाँसुरी | तबला |
| (3) | गोल | फन्दा | चौकोर | त्रिकोण |
| (4) | आगरा | जयपुर | दिल्ली | ताजमहल |
| (5) | नदी | झरना | जंगल | झील |
| (6) | बन्दर | तोता | मैना | कोयल |

11. पहली पंक्ति में लिखे सभी शब्द पढ़ो । फिर नीचे लिखे वाक्यों को पूरा करो ।
उदाहरण देखो :

रंभाती, चिंघाड़ता, हिनहिनाता, दहाड़ता, रेंकता, भिनभिनाती

हाथी ....चिंघाड़ता.... है ।

(1) गधा ................................ है ।

(2) घोड़ा ................................ है ।

(3) मक्खियाँ ................................ हैं ।

(4) गाय ................................ है ।

12. नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो । इन शब्दों में से सही शब्द चुनकर उनके नीचे लिखे प्रत्येक वाक्य को पूरा करो ।

और, तो, यद्यपि, इसलिए, क्योंकि, कि

(1) ............... मोहन के पिता निर्धन हैं फिर भी वे उसे ऊँची शिक्षा के लिए कालेज भेजना चाहते हैं ।

(2) लोग एक दूसरे से मिलने पर पूछते थे ............... आज क्या खबर आई है ।

(3) चरवाहे बहुत परेशान थे ............... शेर ने कई पशुओं को मार डाला था ।

(4) राधा की बुद्धि तीव्र है ............... वह नई बातों को शीघ्र ही समझ लेती है ।

(5) यदि तुम परिश्रम करो ............... अवश्य सफल हो जाओगे ।

13. प्रत्येक वाक्य की खाली जगह में उसकी बांई ओर लिखे शब्द का सही रूप लिखकर इन वाक्यों को पूरा करो। उदाहरण देखो :

| | | |
|---|---|---|
| | **संगीत** | संगीत सम्मेलन में बहुत से ·············· आए हुए थे। (संगीतज्ञ) |
| (1) | **पुष्ट** | अच्छी सेहत के लिए ··················· भोजन खाना चाहिए। |
| (2) | **विष** | सभी साँप ···················· नहीं होते। |
| (3) | **भारत** | गांधीजी सदा ·················· वस्तुओं का प्रयोग करने के लिए कहते थे। |
| (4) | **स्वतन्त्र** | भारत 15 अगस्त 1947 को ··················· हुआ था। |
| (5) | **अर्थ** | आजकल उसकी ·················· अवस्था ठीक नहीं। |

14. नीचे लिखा अनुच्छेद पढ़ो। फिर उसके नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो। अब उस शब्द के नीचे रेखा खींचो जिससे पता चलता है कि राम कैसा आदमी है ?

(अ) राम ने मोहन से 50 रु० उधार लिए। बाद में जब मोहन ने राम से अपने रुपए माँगे तो राम ने कहा "कैसा रुपया ? मैंने तुमसे रुपए कब लिए ?"

(1) चोर

(2) बेईमान

(3) दुष्ट

(ब) इस अनुच्छेद को पढ़ो। फिर नीचे लिखे शब्दों में से उस शब्द के नीचे रेखा खींचो जिससे पता चलता है कि दुर्योधन कैसा आदमी था ?

पाण्डव इन्द्रप्रस्थ में बड़े सुख से रहते थे। इससे दुर्योधन उनसे और भी जलने लगा। वह किसी न किसी तरह पाण्डवों का नाश करना चाहता था।

(1) इर्ष्यालु

(2) लालची

(3) क्रोधी

(4) डरपोक

APPENDIX 22

भाषा सम्प्राप्ति परीक्षण
LANGUAGE ACHIEVEMENT TEST
SCORING KEY

| Question No. | Answer |
|---|---|
| 1. | विदुषी |
| | हथिनी |
| | सम्राज्ञी |
| | नवयुवती |
| | अभिनेत्री |
| | महोदया |
| 2. | अपमान |
| | अवनति |
| | दुर्भाग्य |
| | अनुचित |
| | अज्ञान |
| | सचेत |
| 3. | पुष्प, कुसुम, फूल |
| | आसमान, गगन |
| | डरावना, भयानक |
| | सहेली, दोस्त, सखी |
| 4. | सत्यवादी |
| | लोहार |
| | संवाददाता |
| | दुकानदार |
| 5. | सूर्योदय |
| | विद्यार्थी |
| | न्यायाधीश |
| | परोपकार |
| | सत्याग्रह |
| 6. | लड़कियाँ |
| | चढ़ाई |
| | स्याही |
| | अनुचित |
| | विस्तृत |
| 7. | हरे-भरे, घने |
| | सुन्दर, रंगबिरंगे, खिले हुए |
| | सुन्दर, बड़ा, छोटा |
| | रंगीन, सुन्दर |
| | काला, मोटा, भारी |
| 8. | मोती |
| | गधे |
| | फूल |
| | पत्थर |

9. खो
घ
खो
खो
खो

14. बेईमान
ईर्ष्यालु

10. रेडियर
मूर्ति
फन्दा
ताजमहल
जंगल
बन्दर

11. रेंकना
हिनहिनाता
भिनभिनाती
रँभाती

12. यद्यपि
कि
क्योंकि
इसलिए
तो

13. पौष्टिक
विषैले
भारतीय
स्वतन्त्र
आर्थिक

## APPENDIX 23

### TEST BASED ON ETV PROGRAMMES
### ITEM ANALYSIS

| Item No. | Difficulty value | Discrimination Index | Item No. | Difficulty value | Discrimination Index |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 21 | .47 | 25. | 37 | .55 |
| 2. | 41 | .42 | 26. | 55 | .54 |
| 3. | 22 | .38 | 27. | 81 | .60 |
| 4. | 26 | .59 | 28. | 23 | .51 |
| 5. | 55 | .57 | 29. | 27 | .64 |
| 6. | 36 | .36 | 30. | 40 | .41 |
| *7. | 4 | .23 | 31. | 66 | .43 |
| 8. | 33 | .64 | 32. | 50 | .53 |
| 9. | 73 | .57 | 33. | 44 | .69 |
| *10. | 7 | 0 | 34. | 55 | .66 |
| 11. | 79 | .53 | 35. | 37 | .49 |
| *12. | 6 | 0 | 36. | 48 | .48 |
| 13. | 78 | .57 | 37. | 21 | .47 |
| *14. | 8 | 0 | 38. | 58 | .49 |
| 15. | 50 | .49 | 39. | 29 | .53 |
| 16. | 44 | .44 | 40. | 48 | .54 |
| *17. | 10 | .25 | 41. | 49 | .59 |
| 18. | 28 | .44 | 42. | 21 | .52 |
| *19. | 7 | 0 | 43. | 22 | .52 |
| 20. | 39 | .64 | 44. | 37 | .34 |
| 21. | 50 | .76 | 45. | 36 | .47 |
| *22. | 2 | 0 | 46. | 35 | .43 |
| 23. | 26 | .59 | 47. | 19 | .44 |
| 24. | 25 | .51 | | | |

* Items not retained in the final form of the test.

दूरदर्शन कार्यक्रमों पर आधारित परीक्षण

पांचवी कक्षा के लिए

विद्यार्थी का नाम --------------------- रोल न0 ------------

कक्षा -----------------------

पाठशाला का नाम व पता : दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय----

----------------------------------------------------------

दिनांक ---------------------

----------------------------------------------------------

प्रत्येक प्रश्न को ध्यान से पढ़ो और दी गई खाली जगह में उत्तर लिखो ।

1. भारत के किस प्रदेश में चाय पैदा होती है ?

----------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------

2. भारत के किस राज्य में रेगिस्तान है ?

----------------------------------------------------

3. दिल्ली का पुराना नाम क्या था ?

----------------------------------------------------

4. धरती को "धरती मा" क्यों कहा जाता है ?

----------------------------------------------------

----------------------------------------------------

5. यातायात के क्षेत्र में कौन-सा आविष्कार सबसे पुराना है ?

----------------------------------------------------

6. भारत के किसी एक लोकनृत्य का नाम लिखो ?

----------------------------------------------------

----------------------------------------------------

7· जब घड़ी का आविष्कार नहीं हुआ था, तब लोग समय का अंदाज कैसे लगाते थे ?

--------------------------------------------------

8· पुराने समय में लोग आग कैसे जलाते थे ?

--------------------------------------------------

9· कोयले का इस्तेमाल किस किस चीज में होता है ?

--------------------------------------------------

--------------------------------------------------

--------------------------------------------------

10· हमें जूते क्यों पहनने चाहिए ?

--------------------------------------------------

--------------------------------------------------

11· बम्बई से कुछ बच्चों ने अपने रिश्तेदारों को नीचे दिए गए पतों पर चिट्ठियाँ लिखीं। जिस-जिस पते पर चिट्ठी जल्दी पहुँचेगी, उसके शुरू में सही ✓ का निशान लगा दो।

1· कुमारी मीरा मलिक
9/2 पूर्वी पटेल नगर
नई दिल्ली-110008

2· कुमारी रीता शर्मा
गली नं० 5 मकान नम्बर 120
दिल्ली

3· श्रीमती राज रानी
सी-140 कीर्ती नगर
नई दिल्ली

4· श्रीमती गीता रानी
बी-15 कालकाजी
नई दिल्ली-110018

5· कुमारी स्नेह भाटिया
सी-22 कमला नगर
दिल्ली

6· श्रीमती इन्द्रा देवी
2/8 रेलवे कालोनी
नई दिल्ली-110055

12· भारत का राष्ट्रीय पशु कौन-सा है ?

--------------------------------------------------

13· भालू को कौन-कौन सी चीजें खाने में ज्यादा मज़ा आता है ?

--------------------------------------------------

14. बिल्ली परिवार के किन्हीं दो जानवरों के नाम लिखो ?

15. पशुओं के लिए सींगों की क्या उपयोगिता है ?

16. चींटियों के सबसे महत्वपूर्ण दो गुण बताओ ?

17. तितली अण्डे कहां देती है ?

18. चिड़ियों की चोंच की रचना देखकर हमें उनके बारे में क्या पता चलता है ?

19. फूल हार बनाने के इलावा और किस काम आते हैं ?

20. बीज एक जगह से दूसरी जगह किस प्रकार यात्रा करते हैं ?

21. बादल कैसे बनते हैं ?

22. उपग्रह की कोई एक विशेषता बताओ ?

23. बताओ पृथ्वी बड़ी है या सूरज ?

---

24. चुम्बक हमारे किस काम आता है ?

---

---

25. कैमरे से क्या लाभ है ?

---

---

26. कागज़ किससे बनाया जाता है ?

---

---

27. नाक का शरीर में क्या महत्व है ?

---

---

28. पढ़ते समय आँखों की सुरक्षा के लिए किस-किस बात का ध्यान रखना चाहिए ?

---

---

29. दाँतों में सुराख न हों, इसके लिए हमें क्या करना चाहिए ?

---

---

30. हमें बहुत अधिक पका हुआ भोजन क्यों नहीं खाना चाहिए ?

---

---

31. हमारे शरीर के लिए भोजन क्यों जरूरी है ?

---

---

32. कबीर किस लिए प्रसिद्ध है ?

-----------------------------------------------

33. श्रीकृष्ण कहाँ पैदा हुए थे ?

-----------------------------------------------

34. दीवाली का त्यौहार किस ख़ुशी में मनाया जाता है ?

-----------------------------------------------

-----------------------------------------------

-----------------------------------------------

35. इन वाक्यों के आगे विराम चिन्ह लगाओ ?

। । ?

काम करने वाले लोग बाहर जा रहे थे

तुम्हारा नाम क्या है

ठहरिये ठहरिये पण्डित जी

कल हम कारखाना देखने गए थे

36. नीचे लिखे वाक्यों को सुधार कर लिखो :

1. शिवाजी पाँच किलो के राजा बन गए ।

-----------------------------------------------

2. चक्की में गेहूँ पीसता है ।

-----------------------------------------------

37. र, ह, आ, की मात्रा ( ा )और ई की मात्रा ( ी ) को मिलाकर शब्द बनाओ ? र ह ा ी

------------------- -------------------

------------------- -------------------

------------------- -------------------

38. इस पहेली का उत्तर लिखो ?

छः पंजों की कितनी चिड़ियाँ ?

-----------------------------------------------

39. पिताजी ने कहा कि गाड़ी 23 बजे छूटेगी । बताओ 23 बजे दिन होगा या रात ।

-----------------------------------------------------------

40. किसी एक कहावत का अर्थ लिखो ?

1. पाँचों उंगलियाँ घी में होना -----------------------------

2. ऊँची दुकान फीका पकवान -----------------------------

APPENDIX 25

ETV PROGRAMME BASED TEST

दूरदर्शन कार्यक्रमों पर आधारित परीक्षण

Scoring Key

| Question No. प्रश्न संख्या | Answer उत्तर |
|---|---|
| 1. | असम, बंगाल, मैसूर |
| 2. | राजस्थान |
| 3. | इन्द्रप्रस्थ |
| 4. | धरती हमें सब कुछ अन्न, रहने की जगह आदि देती है । |
| 5. | पहिया |
| 6. | घूमर, भांगड़ा, गरबा, गिद्धा |
| 7. | धूप से |
| 8. | पत्थर रगड़ कर |
| 9. | रेलगाड़ी का इंजन, थरमल पावर स्टेशन, इस्पात के कारखाने, जहाज़ फैक्टरी, घर के ईंधन के रूप में, धातु उद्योग |
| 10. | पैरों की रक्षा के लिए |
| 11. | (1) (4) (6) |
| 12. | बाघ |
| 13. | शहद |
| 14. | बाघ, चीता, तेंदुआ |
| 15. | अपनी रक्षा करते हैं । |
| 16. | मेहनती, सहकारिता, सामाजिक एकता |
| 17. | किसी पत्ते की निचली सतह पर |
| 18. | उनके भोजन के बारे में |
| 19. | सजाने के, पूजा के, दवाई के |
| 20. | पानी से, हवा से, पशु-पक्षियों द्वारा |

21. सूरज की गर्मी से पानी की वाष्प बनती है तथा वाष्प से बादल बनते हैं ।

22. उपग्रह का अपना प्रकाश नहीं होता है यह ग्रह के चारों ओर घूमता है ।

23. सूरज

24. टेलीफोन, टी.वी., कुतुबनुमा की सुई में, लोहे आदि के गोदामों में कील चुनने के लिए, रेफ्रीजरेटर के दरवाजे में, बिजली की घण्टी, रेडियो, मशीनों में, स्टील के बर्तन की पहचान के लिए ।

25. पुरानी यादों को छेद करने के लिए ।

26. पपाइरस, सन और चीथड़ों से ।

27. सांस लेते हैं, सूंघते हैं ।

28. पर्याप्त प्रकाश, किताब आंख से एक फुट दूर हो ।

29. अधिक मीठी वस्तुएं नहीं खानी चाहिए । भोजन के बाद ब्रश करना चाहिए, भोजन में विटामिन और खनिज हों ।

30. पौष्टिक तत्व नष्ट हो जाते हैं

31. शरीर के विकास, उर्जा ।

32. संत कवि थे ।

33. मथुरा में ।

34. श्री राम वनवास से अयोध्या लौटे थे ।

35. । ? । ।

36. 1. शिवाजी पांच किलों के राजा बन गए ।

2. चक्की में गेहूं पिसता है

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 37. | हीरा | रह | राह | हरी |
| | हार | हारा | रही | रहा |
| | हर | हारी | हरा | रही |
| 38. | तीन | | | |
| 39. | रात | | | |
| 40. | 1. लाभ होना | | | |
| | 2. नाम बड़े और दर्शन छोटे | | | |

APPENDIX 26

पाँचवी कक्षा की अध्यापिकाओं के संबंध में सूचना

1. अध्यापिका का नाम ------------------------

2. पद-नाम ------------------------

3. आयु ------------------------

4. शैक्षिक योग्यता ------------------------

------------------------

------------------------

------------------------

------------------------

5. शिक्षण का कुल अनुभव
(इस विद्यालय तथा अन्य विद्यालयों में)

APPENDIX 27

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

साक्षात्कार-तालिका

1. 1978-79 में जो कार्यक्रम प्रसारित किए गए उनमें से अधिकांश कार्यक्रम किस कक्षा/कक्षाओं के लिए उपयुक्त थे ?
2. क्या बच्चों ने इन कार्यक्रमों में रुचि ली ?
3. कृपया उन कार्यक्रमों के शीर्षक बताइए जिनमें बच्चों ने अधिक रुचि ली ?
4. आपकी राय में इन कार्यक्रमों में क्या विशेषता थी जिसके कारण वे बच्चों को अच्छे लगे ?
5. कृपया उन कार्यक्रमों के शीर्षक बताइए जिनमें बच्चों ने विशेष रुचि नहीं ली ।
6. आपकी राय में इन कार्यक्रमों में क्या कमी थी जिसके कारण, बच्चों ने इनमें रुचि नहीं ली ?
7. कार्यक्रमों की भाषा के बारे में आपकी क्या राय है ? उदाहरण दीजिए ।

   (उपयुक्त-कठिन, सरल, उच्चारण, शब्द, वाक्य संरचना, व्याकरण)
8. किन कार्यक्रमों में आपको चित्र कम लगे ? उदाहरण दीजिए ।
9. दूरदर्शन कार्यक्रम कई प्रकार से बच्चों के सामने प्रस्तुत किए गए । जैसे कुछ कार्यक्रमों में (presenter) या निवेदक बोलता रहता है - जैसे 'खेल दिखाए भालू' में, कुछ नाटक के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं जैसे 'फूलों की कहानी', कुछ कार्यक्रमों में फिल्म का अधिक प्रयोग होता है जैसे 'फल तथा बीज की यात्रा' । किसी कार्यक्रम में एक प्रमुख होता है तो किसी में दूसरा । पांचवी कक्षा के बच्चों को ध्यान में रखते हुए आपके विचार में किस तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएं

कि बच्चे उन्हें रुचिपूर्वक, भली-भाँति समझ सकें ।

10. आप प्राथमिक कक्षाओं के लिए किन विषयों पर दूरदर्शन कार्यक्रम चाहती हैं ?

11. क्या आपको शिक्षा विभाग से प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित होने वाले दूरदर्शन कार्यक्रमों की प्रसारण सारिणी समय पर मिल जाती थी ?

12. बच्चों को विद्यालय में दूरदर्शन कार्यक्रम दिखाने में आपके विद्यालय में कौन-कौन सी मुख्य कठिनाईयाँ थी ?

13. टेलिविजन खराब होने पर उसे जल्दी से ठीक कराया जा सके, इसके लिए आपका क्या सुझाव है ?

14. आप दूरदर्शन पर पाठ्यक्रम पर आधारित कार्यक्रम चाहती हैं, सामान्य कार्यक्रम (general programmes) चाहती हैं या दोनों ।

## टिप्पणी के विषय में

1. इस वर्ष 1978-79 में आपको प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रमों के प्रसारण पूर्व तथा प्रसारण पश्चात की गतिविधि के लिए भेजी गई टिप्पणी (Notes) समय पर मिल जाती थी या नहीं ?
2. क्या आगे प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी आप इसी प्रकार की टिप्पणी चाहती हैं या उसमें कुछ परिवर्तन चाहती हैं ?
3. हमने आपको सुझाव दिया था किकार्यक्रम को दिखाने से पहले तथा बाद में बच्चों से प्रश्न पूछें । कार्यक्रम से पहले बच्चों से संबंधित प्रश्न पूछने से क्या लाभ हुआ ?
4. कार्यक्रम के बाद प्रश्न पूछने से क्या लाभ हुआ ?
5. कुछ कार्यक्रमों की टिप्पणी (Notes) में आपको अतिरिक्त जानकारी देने को कहा गया है । जैसे 'रेगिस्तान' कार्यक्रम में ? इसके बारे में आपका क्या विचार है ?
6. अन्य कुछ ।

APPENDIX 28

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 4·9·78 सोमवार

शीर्षक : कबीर

उद्देश्य : 1· कबीर के दोहों का महत्व बताना ।

2· बालकों को कबीर की जीवनी से परिचित कराना ।

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम का आरम्भ एक बाल कलाकार द्वारा कबीर के दोहों को गाकर किया गया है । उसके बाद कबीर के दोहों का महत्व बताते हुए उनकी जीवनी से परिचित कराया गया है । उनका पालन-पोषण एक जुलाहे के घर में हुआ । वे कपड़ा बुनकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे । उनके दीक्षा गुरू स्वामी रामानंद थे । उन्होंने आस-पास जो देखा उसी से शिक्षा ग्रहण की । वे कभी पाठशाला नहीं गए परन्तु सत्संग और आत्मचिंतन के द्वारा उन्होंने बहुत कुछ जान लिया था । वे अपने अनुभवों के आधार पर अपने विचार कविता में व्यक्त कर दिया करते थे । काम करते-करते वे गा-गा कर उपदेश देते थे । कबीर को एक समाज सुधारक के रूप में जाना गया । उन्होंने सभी धर्मों के मूल सिद्धांतों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की किन्तु बाहरी दिखावों का विरोध किया । उन्होंने हिन्दू और मुसलमान दोनों को सुधारने का प्रयास किया । हिन्दुओं से कहा कि सिर मुड़ाने से कोई भगवान तक नहीं पहुंच सकता । इसी प्रकार मुसलमानों से कहा कि मस्जिद में खड़े होकर अज़ान इतनी ऊँची क्यों देते हो, अल्ला बहरा नहीं है । उनके उपदेश सबको मान्य थे और सभी उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखते थे । जब उनकी मृत्यु हुई तो उनके शव के लिए हिन्दू और मुसलमान, दोनों में झगड़ा होने लगा । हिन्दू कहते थे कि शव को जलायेंगे, मुसलमान कहते थे कि शव को गाड़ देंगे । जब उन्होंने चादर उठाई तो देखा कि शव की जगह फूल थे । मुसलमानों ने उनके फूल गाड़ दिये और हिन्दुओं ने जला दिये ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

बच्चों की कार्यक्रम में रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-

1. क्या तुम जानते हो कि आज के कार्यक्रम का शीर्षक क्या है ?
   (बच्चों को कार्यक्रम का शीर्षक बताइये ।)
2. कबीर कौन थे ?
3. आप कबीर के बारे में क्या जानते हैं ?
4. कबीर का कोई दोहा सुनाइए ।
5. आज हम कबीर की जीवनी से संबंधित एक कार्यक्रम देखेंगे ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. कबीर किस लिए प्रसिद्ध हैं ?
2. कबीर के गुरू कौन थे ?
3. कबीर के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
4. कबीर का जो दोहा आपको सबसे अधिक अच्छा लगा हो वह सुनाइए तथा यह भी बताइए कि वह आपको क्यों अच्छा लगता है ?
5. उनका आदर सभी धर्मों के लोग क्यों करते थे ?
6. बच्चों को निम्नलिखित दोहे व उनका भावार्थ बताइए ।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलया कोए ।
जो दिल खोजा आपना, मुझ-सा बुरा न कोए ।।

रात गंवाई सोय कर, दिवस गंवाया खाय ।
हीरा जन्म अमोल था, कौड़ी बदले जाय ।।

कबिरा गरब न कीजिए, काल गहे कर केस ।
ना जानौं कित मारिहै, क्या घर क्या परदेस ।।

माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रूँधे मोहिं ।
इक दिन ऐसा आएगा, मैं रूँधूँगी तोहिं ।।

चलती चाकी देखि के, दिया कबीरा रोय ।
दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय ।।

ऐसी बानी बोलिये, मन का आपा खोय ।
औरन को शीतल करे, आपहुं सीतल होय ।।

बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर ।
पंथी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर ।।

काल करै सो आज कर, आज करै सो अब ।
पल में परलय होयगी, बहुरि करेगा कब ।।

दुख में सुमिरन सब करैं, सुख में करे न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करै, दुख काहे को होय ।।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 18-9-78 ( सोमवार )

शीर्षक : सिक्के की कहानी

उद्देश्य : यह जानकारी देना कि :

1 सिक्के क्यों आवश्यक हैं?

2 सिक्कों की शुरुआत कैसे हुई ?

(3) विभिन्न देशों में विभिन्न प्रकार के सिक्कों का प्रयोग होता है।

कार्यक्रम के विषय में:

कार्यक्रम के शुरु में विभिन्न मूल्यों के सिक्कों तथा उनके आकार आदि से परिचित कराया गया है। आजकल लेन-देन के लिए सिक्कों का प्रयोग होता है। बहुत पहले सिक्के नहीं होते थे । लेन देन बिना पैसों के होता था । एक वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु ली जाती थी । परन्तु अब सभी वस्तुएँ खरीदने के लिए सिक्कों का प्रयोग होता है। सिक्के टकसाल में बनते हैं । वहाँ से बैंक में पहुंचते हैं ? फिर वहाँ से कोई व्यापारी ले आता है और फिर से घूमते रहते हैं - कभी सब्जीवाले के पास, तो कभी दूधवाले के पास ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि:

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1 किसी भी चीज़ को खरीदने के लिए हमें किसकी आवश्यकता होती है?

2) सिक्के किससे बनाए जाते हैं?

3 आप किन - किन सिक्कों का प्रयोग करते हैं ?

4. क्या तुम जानते हो कि आज के कार्यक्रम का शीर्षक क्या है?

बच्चों को बताइए कि आज वे ' सिक्के की कहानी', कार्यक्रम देखेंगे ।

प्रसारण के पश्चात् की गतिविधिः

कार्यक्रम के आधार पर बच्चों से प्रश्न पूछिए:

1 सिक्कों का प्रयोग क्यों किया जाता है?

2 सिक्के किससे बनते हैं ?

3 सिक्के कहाँ बनते हैं ?

4 टकसाल से सिक्के कहाँ भेजे जाते हैं ?

5 पौण्ड का इस्तेमाल किस देश में होता है ?

6 इसी प्रकार डालर, येन आदि के बारे में भी प्रश्न पूछे जा सकते है ।

यदि सम्भव हो तो बच्चों को कुछ विदेशी सिक्के दिखाइए और उनके बारे में बातचीत कीजिए ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 21·9·78 : बृहस्पतिवार

शीर्षक : चाय की चुस्की

उद्देश्य : 1· चाय के गुण बताना 2· यह बताना कि चाय की पैदावार कहाँ -कहाँ होती है? 3· पौधे से चाय के कप तक चाय की कहानी बताना ।

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम नाटक के रूप में शुरु होता है । मम्मी पापा घर में नहीं है । दोनों छोटे बच्चे सोचते है कि आज चाय पी जाए। दीदी के नाश्ता देने पर बच्चे चाय की मांग करते है । उस दिन दूध नहीं मिलता । दीदी चाय देती है। उसके बाद बताया गया है कि चाय पीने से स्फूर्ति और ताज़गी आती है। अमीर- गरीब सभी चाय का आनन्द उठाते है । विभिन्न देशों में, विशेषकर, इंगलैण्ड, जापान, रूस तथा अमरीका में चाय पीने का तरीका बताया गया है। भारत में चाय असम, बंगाल, कांगडा, मैसूर, ट्रावनकोर आदि में होती है। चाय से हमें करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। फिर दिखाया गया है कि चाय के बाग में चाय कैसे उगाते हैं , पत्तियाँ तोड़कर फैक्ट्री में उन्हें सुखा-छान कर कैसे छँटाई की जाती है तथा किस प्रकार चाय पैक की जाती है।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि:

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते है :

1· आप नाश्ते में क्या- क्या लेते हैं ?

2· आप के मम्मी पापा नाश्ते में क्या- क्या लेते हैं ?

3· भारत में चाय कहाँ -कहाँ उगाई जाती है?

4· आप चाय कैसे बनाते है?

आज हम " चाय की चुस्की " कार्यक्रम देखेंगे ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए ।
उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

1• भारत में चाय की पैदावार कहाँ- कहाँ पर होती है?

2• अमरीका में लोगचाय किस तरह बनाकर पीते हैं?

3• अंग्रेज लोग किस प्रकार की चाय पीते है?

4• चाय को विदेशी मुद्रा का साधन क्यों कहा गया है?

5• चाय के बागों से लेकर चाय की पत्ती डिब्बों में पैक करने तक की प्रक्रिया के बारे में बच्चों से छोटे- छोटे प्रश्न पूछिये ।

बच्चों को बताइए की चाय के पौधे पहाड़ी इलाकों में पाए जाते हैं क्योंकि वहाँ वर्षा काफ़ी होती है, परन्तु पानी नहीं ठहरता ।

--

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांकः 25-9-78 ( सोमवार )

शीर्षक : खेल - खेल में

उद्देश्य : 1. खेल के माध्यम से ज्ञान बढ़ाना ।

2. समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास करना ।

3. भाषा का विकास करना ।

कार्यक्रम के विषय में :

यह कार्यक्रम बालगीत - " आओ खेलें - खेल " से शुरू होता है । इसमें मिल- जुल के खेलने का महत्त्व बताया गया है। इस ओर भी ध्यान दिलाया गया है कि हार और जीत को खेल के मैदान में ही छोड़ देना चाहिए । फिर डेनमार्क का खेल गाँव दिखाया गया है। इस कार्यक्रम में दिमागी कसरत के कुछ खेल भी बताए गए हैं ।

प्रसारणपूर्व की गतिविधिः

बच्चों की कार्यक्रम में रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. आप शाम को क्या करते हैं?

2. आप कौन - कौन से खेल खेलते हैं ?

3. आप को खेलना क्यों अच्छा लगता है ?

अब उन्हें बताइये कि आज हम ' खेल - खेल में ' कार्यक्रम देखेंगे । इस कार्यक्रम में दिमागी कसरत के भी कुछ खेल होंगे । उन्हें वे ध्यान से देखें व सुनें तथा सही होंगे उत्तर बताने की कोशिश करें ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम पर बातचीत करें । उन्हें कहिये कि वे दिमागी कसरत के खेल सोचकर आएँ और अगले दिन उन खेलों को अपने सहपाठियों के साथ खेलें ।

--

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 28-9-1978 ( बृहस्पतिवार )

शीर्षक : विराम चिन्ह

उद्देश्य : विराम चिन्ह का ठीक प्रयोग सिखाना ।

कार्यक्रम के विषय में :

विराम चिन्ह क्यों लगाए जाते है । इस कार्यक्रम में बताया गया है कि विराम चिन्ह, अनुस्वार तथा शिरोरेखा न लगाए जाने पर अर्थ बदल जाता है।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

1. विराम चिन्ह किसे कहते हैं ?

बालकों को बताइए कि बोलते समय वाक्य के अंत में या कभी - कभी बीच में भी सांस लेने के लिए हमें रूकना पड़ता है। इस प्रकार की रूकावट सांस लेने के अतिरिक्त वाक्य का अर्थ स्पष्ट रूप से समझने के लिए आवश्यक है । लिखने में 'रुकावट' या ' विराम ' के इन स्थलों को कुछ चिन्हों द्वारा दिखाया जाता है, जिन्हें विराम चिन्ह कहते हैं ।

2. विराम चिन्ह हमारे लिए क्यों उपयोगी है ?

(क) विराम चिन्ह के प्रयोग से अर्थ में स्पष्टता आती है, जैसे:-

रोको मत जाने दो । इस वाक्य का अर्थ पूरी तरह स्पष्ट नही होता । अब अल्प विराम लगाकर अर्थ स्पष्ट करें ।

' रोको मत, जाने दो । '

यदि' रोको' शब्द के बाद अल्पविराम लगाएं तो अर्थ बिल्कुल बदल जाएगा ।
' रोको, मत जाने दो ।'

(ख) यदि कोई लिखा हुआ वाक्य ज़ोर से पढ़ना हो तो उच्चारण की सुविधा की दृष्टि से विराम चिन्ह उपयोगी होते है । लम्बे वाक्य एक सांस में नही पढ़े जा सकते ।

(ग) पूर्ण विराम, प्रश्नसूचक चिन्ह तथा आश्चर्य सूचक चिन्ह से वाक्य के लहजे में भी सहायता मिलती है। उदाहरण के लिए यदि वाक्य के अंत में पूर्णविराम का चिन्ह होगा तो वाक्य सामान्य लहजे में पढ़ा जाएगा और यदि प्रश्नसूचक या आश्चर्य सूचक होगा तो वाक्य प्रश्न अथवा आश्चर्य के लहजे में पढ़ा जाएगा।

प्रसारण पश्चात् गतिविधि:

1. बालकों से वार्तालाप कीजिए कि उन्होंने कार्यक्रम में क्या देखा ?

2. उन्हें निम्नलिखित चिन्हों के बारे में बताइए ।

| नाम | चिन्ह |
|---|---|
| 1. अल्पविराम | , |
| 2. अर्धविराम | ; |
| 3. पूर्णविराम | । |
| 4. प्रश्नसूचक चिन्ह | ? |
| 5. आश्चर्य सूचक चिन्ह | ! |

उपरोक्त चिन्हों का प्रयोग उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांकः 12-10-78 ( बृहस्पतिवार )

शीर्षक : एक जोड़ी जूते

उद्देश्यः जूतों की आवश्यकता तथा विभिन्न प्रकार के जूतों के बारे में जानकारी देना ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें बताया गया है कि जूते क्यों पहनने चाहिए । पहले किस प्रकार के जूते पहनते थे तथा अब किस प्रकार के जूते पहनते हैं । विभिन्न प्रान्तों में पहने जाने वाले तरह तरह के जूते । जूते बनाना वैयक्तिक कार्य तथा सामूहिक कार्य । आधुनिक फैक्ट्री में जूते कैसे बनाए जाते हैं ।

प्रसारणपूर्व की गतिविधिः

बच्चों से जूतों के बारे में बातचीत कीजिए । जैसे- वे पैरों में क्या पहनते हैं? वे जूते क्यों पहनते हैं ? जूते या चप्पल किससे बनाए जाते हैं आदि-आदि ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधिः

बच्चों से कार्यक्रम के बारे में बातचीत कीजिए । जैसे -

1. जूते पहनने क्यों आवश्यक हैं ?
2. यदि जूते न पहनें तो क्या हो सकता है?
3. जूतों की देखभाल कैसे करें ?
4. जूतों को निश्चित स्थान पर क्यों रखना चाहिए ?
5. पहले जूते किससे बनाए जाते थे ?
6. अब जूते किस- किस चीज़ से बनाए जाते हैं ?
7. जूते कौन बनाता है ?
8. फैक्ट्री या कारखाने में जूते किस प्रकार बनाए जाते हैं?
9. विभिन्न प्रान्तों में पहने जाने वाले जूतों पर बातचीत ।

बालकों को बताइए कि । चमड़े से और क्या-क्या चीज़ें बनती हैं,
जैसे- जूते, सूटकेस, जीन, बटुए, पेटियां, थैले, आदि ।

2 भारत में चमड़े का काम छोटे पैमाने पर घरेलू उद्योग के तौर पर भी हो रहा है और बड़े कारखाने भी हैं ।

3 भारत की गिनती दुनिया के सबसे अधिक चमड़ा पैदा करने वाले देशों में है।

4 भारत से बहुत सा चमड़ा विदेशों को भेजा जाता है ।

5 अधिकतर चमड़ा जूते बनाने के काम आता है ।

—

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक: 19-10-78 ( बृहस्पतिवार )

शीर्षक : पहिये का अविष्कार

उद्देश्य : 1. पहिये का महत्व बताना।

2. पहिये के आविष्कार की कहानी बताना।

कार्यक्रम के विषय में :

आवागमन के साधनों में पहिये का महत्व बताया गया है। प्राचीन काल से लेकर अब तक आवागमन के साधनों का विकास। पहिये का आविष्कार कैसे हुआ तथा उसमें क्या- क्या परिवर्तन हुए।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे निम्नलिखित प्रश्न पूछिए:

1. आप एक स्थान से दूसरे स्थान पर किस प्रकार जाते हैं ?

(बस, साईकिल, स्कूटर, गाड़ी आदि )

2. घोड़ागाड़ी, बैलगाड़ी, बस, साईकिल, मोटर, स्कूटर, रेलगाड़ी, हवाई जहाज़ आदि में एक खास चीज़ है जिसके बिना वे चल नहीं सकते। उसका नाम बताओ। हां, पहिया। आज हम इस कार्यक्रम में पहिये के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि:

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर प्रश्न पूछिए जैसे :

1. आज हम एक स्थान से दूसरे स्थान पर किस प्रकार जाते हैं?

2. प्राचीन काल में लोग एक जगह से दूसरी जगह किस प्रकार जाते थे?

3. प्राचीन काल में / मनुष्य शिकार आदि को एक जगह से दूसरी जगह किस प्रकार ले जाया करता था। ( अपनी पीठ पर लादकर, घसीट कर, फिर पशुओं पर)

4. इस तरह शिकार या सामान ले जाने में क्या - क्या कठिनाईयां होती थी ?

5. फिर बोझ उठाने के लिए किसका प्रयोग किया गया? ( तख्ता तथा लट्ठ का )

6. इससे क्या कठिनाई होती थी ?

( एक बोझ आगे बढ़ जाने पर रोलर/ लट्ठ को पीछे छोड़ देता है और हर समय उसके आगे रोलर या लट्ठे रखने पड़ते और ऊबड़- खाबड़ ज़मीन पर बोझ गिर पड़ता था, इसमें बहुत से लोगों की ज़रूरत पड़ती थी । लट्ठ बीच में घिस जाता था । )

7. पहिए से क्या लाभ हुआ ?

8. पहले पहिए किस प्रकार के होते थे ?

9. इन ठेलागाड़ियों को खींचने के लिए कौन- कौन से जानवर प्रयोग में लाए जाते थे ?

10. पहिए में क्या- क्या सुधार हुए ?

( गोलियों वाला पहिया बना । क्योंकि पहिए घिस जाते थे अतः चारों ओर कांसे या ताम्बे की पत्तियां लगाई जाने लगी ।

बच्चों को यह जानकारी दीजिए

1. समय - समय पर अच्छे औजारों की प्राप्ति के साथ ही पहिये में सुधार होता रहा और इससे गति में तेज़ी संभव हो सकी ।

2. पहिए के आविष्कार के बाद से कई तरह की गाड़ियां, वैगन, बग्घियां और रथ चीज निकाले गए । भारोगाड़ियों और वैगन का इस्तेमाल माल को ले जाने और ले आने में किया जाता था । सवारियों के लिए बग्घियों का प्रयोग होता था । रथों का इस्तेमाल युद्ध में होता था ।

3. मिट्टी के बर्तन बनाने, खेतों की सिंचाई, घास की कटाई, अनाज की पिसाई आदि सब काम पहिए की मदद से होने लगे ।

4. बहुत सी आधुनिक मशीनों में भी पहिए का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है ।

5. आधुनिक सवारियों - रेलगाड़ी, मोटर, साईकिल, स्कूटर, हवाई जहाज़

आदि में पहिए का प्रयोग होता है।

6. गाड़ी में लोहे के पहिए तथा मोटर स्कूटर आदि में टायर के पहिए लगाए जाते हैं।

7. 6 हजार पूर्व पहिए के आविष्कार ने यातायात के क्षेत्र में क्रांति ला दी थी। प्राचीन काल का यह सबसे महत्वपूर्ण आविष्कार था। आज भी धरती पर यातायात के लिए प्रयोग में आने वाला सबसे आधुनिक साधन, बिना पहियों के व्यर्थ है।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 23-10-78 ( सोमवार)

शीर्षक : सभ्यता की कहानी

उद्देश्य: बच्चों को सभ्यता के विकास की जानकारी देना ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें प्राचीन काल से लेकर अब तक सभ्यता के विकास की कहानी बताई गई है । मनुष्य का गुफाओं में रहना, आग का पता लगाना, बोझा ढोने के लिए पशुओं का प्रयोग करना, खेती-बाड़ी करना, पहिये के आविष्कार द्वारा यातायात में सुधार आदि ।

प्रसारण पूर्व क्रियाविधि:

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे निम्न प्रकार के प्रश्न पूछिए :

1. क्या तुम जानते हो कि आज किस विषय पर कार्यक्रम दिखाया जाएगा?
2. तुम्हारे विचार में आज ' सभ्यता की कहानी' कार्यक्रम में क्या बताया जाएगा ?

बच्चों से प्रश्न पूछकर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें, जैसे:

3. तुम किस प्रकार के घर में रहते हो?
4. हमारे घरों में क्या - क्या वस्तुएं होती हैं ?
5. गांव में घर किस प्रकार के होते हैं ?
6. क्या हमारे दादा और परदादा भी इसी प्रकार के घरों में रहते थे ?
7. हम आज किस प्रकार अपना जीवन निर्वाह करते हैं ?
8. हम कौन- कौन सी वस्तुएं बनाते हैं ?
9. हम अपने साथियों के साथ कैसे बिताते हैं ?
10. हम फुर्सत का समय कैसे बिताते हैं ।

फिर बच्चों को बताइए कि उन्होंने घर में बड़े- बूढ़ों से यह कहते सुना होगा कि उनके बचपन में दुनिया की हालत और थी । अब कुछ और है । यह बात ठीक है। आजकल शहरों की चहल - पहल, बिजली का प्रकाश , मोटर, रेल, हवाई जहाज़ आदि देखकर हम अनुमान भी नहीं लगा सकते कि जब आदमी दुनिया में आया था तब जीवन क्या था और आज कितना बदल गया है । आओ अब इस कार्यक्रम में देखें कि सभ्यता का विकास कैसे हुआ ?

प्रसारण पश्चात् क्रियाविधि

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. क्या बहुत पहले भी लोग हमारी तरह रहते थे ?

2. उनके जीवन में और हमारे आज के जीवन में क्या अन्तर है ( खान- पान, घर, कपड़े, रोज़गार, यातायात के साधन, हर रोज़ काम आने वाली वस्तुएं आदि)

यहां इस बात की ओर ध्यान दिलवाइए कि मानव ने जो तरक्की की है उसकी रफ्तार हमेशा और हर जगह एक सी नहीं रही ।

3. मनुष्य ने गुफाओं में रहना क्यों शुरु किया ?

4. मनुष्य ने आग का पता कैसे लगाया ?

5. सबसे पहले किस चीज के औजार बनाए गए ?

6. मनुष्य ने पशुओं का उपयोग किस लिए किया ?

7. आदमी की उन्नति का कारण क्या है ? ( वह सोच सकता है। वह अपने रहने के ढंग से सन्तुष्ट नहीं हुआ । उसने उसे सुधारने की कोशिश की है )

8. मनुष्य ने खेती - बाड़ी क्यों शुरु की ?

9. वे लोग नदियों के किनारे क्यों बसने लगे ?

10. पत्थर के बाद किस चीज़ से औज़ार बनाए जाने लगे ?

11. अपने शिकार आदि को मनुष्य अपने रहने के स्थान पर किस प्रकार ले जाता था?

12. वह कौन सा आविष्कार है, जिसने यातायात में परिवर्तन ला दिया? (पहिया)

बालकों को यह भी बताइए कि मानव सभ्यता के विकास की कहानी बहुत पुरानी है । टीलों और खण्डहरों के रूप में पुराने स्थानों की खुदाई द्वारा हमें पता चला है कि बहुत पहले लोग कैसे रहते थे ?

आज मनुष्य ने विज्ञान द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जो उन्नति की है, उस पर बच्चों से बातचीत कीजिए ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 20-10-78 ( बृहस्पतिवार )

शीर्षक : छपाई

उद्देश्य : (1) घर में कार्ड छाप सकने की विधि बताना ।
( सब्जियां, रंग, ठण्डा पीने की नली से )

(2) पुस्तकों की छपाई की जानकारी देना ।

कार्यक्रम में बताया गया है:

(1) पैंसिल, ब्रश, तृण ( straw ), रंग, सब्जियां और कागज़ का प्रयोग करते हुए कार्ड पर नमूना छापने का तरीका ।

(2) जापान में छपाई की शुरूआत की कहानी ।

(3) किताबों की छपाई किस प्रकार होती है?

प्रसारण पूर्व की गतिविधि:

बालकों से इस प्रकार बातचीत की जा सकती है:

(1) किताबें कहां छपती हैं?

(2) कार्ड कहां छपते हैं ?

(3) क्या कार्ड घर में भी छापे जा सकते हैं ?

बच्चों को बताइए कि दिवाली, नववर्ष, जन्मदिन आदि पर हम कार्ड भेजते हैं । कार्ड बाज़ार से भी लाए जा सकते हैं और घर में भी छापे जा सकते हैं। आज हम देखेंगे कि घर में कार्ड किस प्रकार छापे जा सकते हैं । कार्यक्रम ध्यान से देखिएगा । फिर हम कक्षा में इसी प्रकार कार्ड बनाएंगे । आज हम यह भी देखेंगे कि प्रेस में किताबें किस प्रकार छपती हैं ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. यदि घर में कार्ड बनाने हों तो क्या - क्या सामान चाहिए ?

( पैंसिल, ब्रश, कागज़, रंग, सब्ज़ियाँ, टूटा या ठण्डा पीने की नली)

2. आज के कार्य क्रम में किन - किन सब्ज़ियों से नमूने बनाए गए थे ?

( भिण्डी, आलू आदि )

3. सब्ज़ियों से कार्ड पर नमूने किस प्रकार बनाए जाते हैं ?

4. ठण्डा पीने की नली ( Strain ) से किस प्रकार नमूना बनाया जाता है?

5. किताबों की छपाई का काम सबसे पहले कहाँ शुरु हुआ ?

6. जापान में सबसे पहले क्या छापा गया और क्यों ?

7. प्रेस के कम्पोज़िंग रूम में क्या किया जाता है ?

( अक्षरों को जोड़- जोड़ कर शब्द और फिर लाइन बनाई जाती है )

8. अक्षर किस धातु के बने होते हैं ?

( सिक्के के)

9. उसके बाद क्या किया जाता है ?

( स्याही लगाकर हैंड प्रूफ़ ( Hand Proof ) निकाला जाता है। )

10. उसके बाद क्या होता है ?

( प्रूफ़ रीडर देखता है कि उसमें कोई गलती तो नहीं रह गई और यदि गलती हो तो उसका सुधार कर दिया जाता है। )

11. उसके बाद क्या होता है?

( फ़र्मों को खाँचे में डालकर कसा जाता है । फिर खाँचे को मशीन में फिट ( Fit ) किया जाता है। इसके बाद छपाई की शुरुआत होती है। )

12. एक घण्टे में एक मशीन कितने कागज़ छाप सकती है?

( एक हज़ार )

13. कागज़ छापने के बाद क्या किया जाता है?

( छपे कागज़ों को दूसरी जगह ले जाकर मोड़ा जाता है । फिर ऊपर का कवर और अंदर का हिस्सा मिला कर जोड़ दिया जाता है और सभी को अलग - अलग

करने के लिए ऊपर से काटा जाता है । )

14 तस्वीरों की छपाई किस प्रकार होती है। कार्यक्रम में बताई गई विधि के अनुसार कार्ड बनाइए । यदि आप के विद्यालय के पास कोई प्रेस हो तो उन्हें वह भी दिखाइए ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 30-10-78 ( सोमवार )

शीर्षक : मर्यादा पुरुषोत्तम राम

उद्देश्य : 1• श्री राम के जीवन की कुछ घटनाओं से परिचित कराना ।

2• यह जानकारी देना कि राम को मर्यादा पुरुषोत्तम क्यों कहा जाता है।

कार्यक्रम के विषय में :

इस कार्यक्रम में श्री रामचन्द्र के जीवन की तीन घटनाओं को दिखाया गया है:

1• राम के राज्याभिषेक की तैयारियां, राज्य में प्रसन्नता, मंथरा की कैकेयी को सीख, कैकेयी का दशरथ से वरदान मांगना तथा राम का खुशी खुशी वन के लिए प्रस्थान ।

2• राम का केवट से नदी पार कराने का अनुरोध और नदी पार करना ।

3• हरिजन महिला शबरी के बेर बड़े प्रेम से स्वीकार करना।

प्रसारण पूर्व क्रियाविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे निम्न प्रकार के प्रश्न पूछिए:

1• क्या तुम जानते है कि आज किस विषय पर कार्यक्रम दिखाया जाएगा ?

( बच्चों को कार्यक्रम का शीर्षक बताएं )

2• मर्यादा पुरुषोत्तम राम के बारे में तुम क्या जानते हो ?

( यदि बालक न बता पाएं तो उन्हें संकेत दीजिए। )

3• तुमने कुछ दिन पहले कौन- सा त्यौहार मनाया था ?

4• हां, दशहरा मनाया था । बताओ, दशहरा क्यों मनाया जाता है?

5• कल कौन- सा त्यौहार है?

6• दिवाली क्यों मनाई जाती है?

7. श्री रामचन्द्र के जीवन के बारे में तुम और क्या जानते हो ?

8. आज तुम्हें श्री रामचन्द्र के जीवन की कुछ घटनाओं से परिचित कराया जाएगा, जिनसे पता चलता है कि राम को मर्यादा पुरुषोत्तम क्यों कहा जाता है।

( बच्चों को मर्यादा और पुरुषोत्तम शब्दों के अर्थ स्पष्ट कर दें ।

प्रसारण पश्चाद् की गतिविधि :

बालकों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. आपने कार्यक्रम में सबसे पहले क्या देखा ?

2. अयोध्या में खुशियां क्यों मनाई जा रही थी ?

3. मंथरा ने कैकेयी से क्या कहा ?

4. कैकेयी ने राजा दशरथ से क्या कहा ?

5. कैकेयी की बात सुनकर राजा दशरथ दुःखी क्यों हुए ?

6. कैकेयी ने जब श्रीराम को राजा दशरथ के दुःखी होने का कारण बताया, तो राम ने क्या कहा ?

7. राम ने खुशी-खुशी वन जाना स्वीकार कर लिया । इससे तुम्हें राम के बारे में क्या पता चलता है?

8. जब श्रीराम ने केवट से नाव मांगी तो केवट ने क्या उत्तर दिया ?

( तुम्हारे चरण कमलों को छूते ही पत्थर की शिला सुन्दर स्त्री हो गई । मेरी नाव तो काठ/लकड़ी की है। मेरी नाव भी मुनि की स्त्री हो जाएगी और मैं लुट जाऊंगा । यदि आप पार करना ही चाहते हैं तो मुझे चरण कमल धो लेने दें )

9. जब श्रीराम ने उसकी बात मान ली, तो केवट ने क्या किया ?

(कठौते में जल लाना, उनके चरण धोकर उस जल को परिवार सहित पीना । श्रीरामचन्द्र को नदी के पार लेजाना, केवट का प्रणाम करना, सीता का

अंगूठी उतारना, राम का केवट को नाव की उतराई देना, केवट का कुछ न लेना )

10. इस प्रसंग से तुम्हें श्रीराम के बारे में क्या पता चलता है?

( ऊंच- नीच, जाति- पाँति आदि का भेदभाव नहीं, सबसे स्नेह का व्यवहार )

11. श्रीराम शबरी की कुटिया में क्यों गए ?

( सीता का अपहरण होने पर राम उसे खोजते हुए शबरी की कुटिया में पहुँचे । )

12. शबरी के बारे में क्या प्रसिद्ध है?

13. श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम क्यों कहा जाता है?

पुरुषोत्तम का सन्धि- विग्रह करके बताइए — पुरुष + उत्तम = पुरुषोत्तम। इसी तरह कुछ और उदाहरण दीजिए

पर + उपकार = परोपकार । सूर्य + उदय = सूर्योदय ।

बच्चों से विभिन्न घटनाओं का अभिनय करवाया जा सकता है ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 6-11- 78 (सोमवार )

शीर्षक : हमारा भोजन

उद्देश्य : बालकों को निम्न जानकारी देना :

1. संतुलित आहार
2. भोजन में पौष्टिक तत्व
3. विटामिन

कार्यक्रम के विषय में :

इस कार्यक्रम में कार्टून चित्रों द्वारा भोजन में पौष्टिक तत्वों का महत्व, संतुलित आहार तथा विटामिन के बारे में बताया गया है।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे भोजन पर बातचीत कीजिए। उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं:

1. तुम्हें क्या - क्या खाना पसन्द है?
2. तुम दिन में क्या- क्या खाते हो ?
3. तुम्हारी माँ तुम्हें कौन- सी चीज़ें खाने को बार- बार कहती है ?
4. हम खाना क्यों खाते हैं ?

आओ अब देखें कि हमें कैसा भोजन खाना चाहिए और क्यों ?

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि:

आज के कार्यक्रम में सब्ज़ियों के बारे में तो काफ़ी बता दिया गया है। कार्यक्रम में दी गई सूचना के आधार पर बच्चों से प्रश्न पूछिए। पाँचवी कक्षा के बच्चों को और भी जानकारी दीजिए, जैसे कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें संतुलित

भोजन करना चाहिए, खाद्य पदार्थों में पोषक तत्व कौन - कौन से होते हैं, आदि - आदि ।

बच्चों से निम्नलिखित प्रश्न पूछकर उन्हें जानकारी दीजिए ।

1. हमें भोजन में क्या - क्या खाना चाहिए ?

( अनाज - जैसे आटा, चावल, हरी सब्जियां, दाल, दूध और दूध से बनी चीज़ें, मांस, मछली, अण्डा, चिकनाई (घी, तेलआदि), ताज़े पके फल, गिरियाँ, चीनी, नमक आदि । सब्ज़ियों में पत्ते वाली सब्ज़ियां ज़रूर होनी चाहिए । )

2. हमें दाल, दूध, मांस-मछली और अण्डा क्यों खाना चाहिए ?

( इनमें प्रोटीन होता है और यह शरीर बढ़ाने के काम आता है। दूध में कैलशियम यानि चूना होता है, जो हड्डियां मज़बूत करता है। हरी और पत्ते वाली सब्ज़ियों में लोहा और दूसरी वस्तुएं होती हैं, जो खून को ताकतवर बनाती हैं । )

3. अनाज, चीनी और चिकनाई यानि, घी- तेल क्यों खाने चाहिए ?

( अनाज में निशास्ता रहता है जो चिकनाई यानि घी-तेल से मिलकर शरीर में गर्मी पैदा करता है। जो आदमी अधिक शारीरिक मेहनत करता है, उसे अधिक गर्मी कीज़रूरत पड़ती है और अगर ये चीज़ें अधिक खाई जाएं और मेहनत कम की जाए, तो शरीर में चर्बी बढ़ जाती है और मोटापा आ जाता है। )

4. हमें चावल कैसे खाना चाहिए ?

5. गेहूं कैसे खाना चाहिए ?

6. विटामिन वालीवस्तुएं क्यों खानी चाहिए ?

7. विटामिन किन- किन चीज़ों में पाए जाते हैं ?

( फल, जैसे, केला, संतरा, नींबू, आम, पत्ते वालीसब्जियां, दूध, दूध की बनी चीज़ें, अंकुरित दालें, अण्डा आदि में । )

बच्चों को कृपया यह जानकारी भी दें :

1. तरकारी और अनाज को खाने के लिए पकाने की ज़रूरत पड़ती है। परन्तु ज़्यादा पकाने से उनके पौष्टिक तत्व नष्ट हो जाते हैं और विटामिन भी जल जाते हैं। इसलिए तरकारियों को अधिक नहीं पकाना चाहिए और बहुत करारी रोटी नहीं खानी चाहिए।

2. भोजन हमारे शरीर की आवश्यकताओं के अनुकूल होना चाहिए।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांकः 9-11-78 ( बृहस्पतिवार )

शीर्षकः भारत स्काउट और गाइड

उद्देश्यः बालकों को भारत स्काउट और गाइड कैम्प के क्रिया - कलापों से परिचित कराना तथा बताना कि उन्हें किस प्रकार आत्मनिर्भर बनाया जाता है।

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम बालकों की प्रतिज्ञा से शुरु होता है जो दीक्षा लेने आए हैं। प्रतिज्ञा के बाद, स्काउट और गाइड कैम्प में होने वाले क्रिया- कलाप दिखाए गए हैं तथा स्काउटिंग की शुरुआत के बारे में बताया गया है ।

प्रसारण पूर्व कीगतिविधिः

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे स्काउट, गाइड तथा बुलबुल के बारे में बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. स्काउट, गाइड, बुलबुल किसे कहते हैं ?
2. यह लोग कैसी पोशाक पहनते हैं ?
3. गाइड और बुलबुल में क्या अन्तर होता है?
4. क्या तुम जानते हो कि स्काउट और गाइड कैम्प में बच्चे क्या - क्या करते हैं?

आज का कार्यक्रम देखकर हम भारत स्काउट और गाइड के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगे ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधिः

बच्चों से प्रश्न पूछकर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें । यदि बालक उत्तर न दे पाएं, तो कृपया आप उन्हें जानकारी दें ।

बच्चों से इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. स्काउट और गाइड दीक्षा के समय क्या प्रतिज्ञा करते हैं ?

   1. मैं ईश्वर और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करूंगा ।
   2. मैं सदा दूसरों की सेवा करूंगा ।
   3. मैं सदा स्काउट और गाइड नियमों का पालन करूंगा ।

2. स्काउटिंग की शुरूआत कब हुई ? कहाँ हुई और किसने की ?

   ( 71 वर्ष पहले, इंगलैंड में , इस की स्थापना लार्ड बेडन पावल ने की। )

3. हमारे देश में स्काउट और गाइड को क्या कहा जाता है?
4. स्काउट तथा गाइड क्या - क्या कार्य करते हैं ? उदाहरण दो ।
5. इनका झण्डा किस रंग का होता है?
6. स्काउट की क्या पोशाक होती है?
7. गाइड कीक्या पोशाक होती है ?
8. कैम्प में सामान रखने के डैस्क, सोफा आदि कैसे बनाते हैं ?

   ( रस्सियों को बांस में बांधकर । )

9. रस्सियों और बांस से वे और क्या- क्या बनाते हैं ?

   ( घायल व्यक्ति को ले जाने के लिए स्ट्रेचर, नाला या आरोपक पार करने के लिए पुल आदि । )

10. कैम्प/ शिविर में उन्हें क्या- क्या सिखाया जाता है ?

    ( चिकित्सा- कार्य, गुड़िया बनाना, पुल के मॉडल बनाना, गांठ लगाना आदि । )

11. कैम्प में खाना कौन बनाता है?
12. कैम्प में शाम को क्या करते हैं?

बच्चों को यह गीत सिखाइए ।

दयाकर दान भक्ति का
  हमें परमात्मा देना

दया करना हमारी आत्मा में

शुद्धता देना

हमारे ध्यान में आओ

प्रभु आँखों में बस जाओ

अँधेरे दिल में आकर

परम ज्योति जला देना

दयाकर - - - - - - - - - - - -

बहो हो प्रेम की गाथा

दिलों में प्रेम का सागर

हमें आपस में मिलजुलकर

प्रभु रहना सिखा देना

दयाकर - - - - - - - - - - -

हमारा धर्म हो सेवा

हमारा कर्म हो सेवा

सदा ईमान हो सेवा

व सेवकचर बना देना

दयाकर - - - - - - - - - - -

वतन के वास्ते जीना

वतन के वास्ते मरना

वतन के वास्ते जान फिदा करना

प्रभु हमको सिखा देना

दयाकर - - - - - - - - - - - -

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 13-11-78 ( सोमवार )

शीर्षक : चूहे की चिट्ठी

उद्देश्य: बच्चों को निम्नलिखित जानकारी देना :

1. बिल्ली और चूहे में दुश्मनी क्यों ? ( काल्पनिक कथा व कार्टून चित्रों द्वारा । )

2. चूहे की आदतों तथा चूहा परिवार के बारे में जानकारी देना।

कार्यक्रम के विषय में :

बिल्ली और चूहे की दुश्मनी, चूहों का पंचायत बुलाना तथा डाक से शेर की चिट्ठी भिजवाना, शेर का बिल्ली को बुलवाना, बिल्ली का चूहे द्वारा किए गए नुकसान की ओर ध्यान दिलाना । चूहे पकड़ने के लिए चूहेदान । चूहे के परिवार के बारे में जानकारी ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि:

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. तुम जानते हो कि आज किस विषय पर कार्यक्रम दिखाया जाएगा ?

( बच्चों को आज के कार्यक्रम का शीर्षक बताइए । )

2. तुम चूहे के बारे में क्या - क्या जानते हो ?

3. चूहे क्या - क्या नुकसान करते हैं ?

4. चूहों को हम कैसे पकड़ते हैं ?

5. चूहों को भगाने के लिए किस जानवर को पालते हैं ?

आज हम देखेंगे कि चूहों ने चिट्ठी किसे लिखी और क्यों लिखी ?

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

1. चूहों ने मिलकर सभा क्यों बुलाई ?

2. सबने मिलकर क्या किया ?

3. शेर के पास चिट्ठी कैसे भिजवाई ?

4. शेर के पास चिट्ठी लेकर कौन आया ?

5. हाथी ने क्या किया ?

6. शेर ने बन्दर से क्या कहा ?

7. बिल्ली मौसी ने क्या कहकर दरबार से छुट्टी पाई ?

8. चूहों को कैसे पकड़ा जाता है?

9. चार चूहे एक वर्ष में कितना गेहूँ नष्ट कर देते हैं ?

10. एक वर्ष में एक जोड़ी चूहे से कितने चूहे पैदा होते हैं ?

11. चूहों के दाँतों के बारे में क्या जानते हो?

( दाँत बहुत तेज़ होते है । यहाँ शेर और चूहे की कहानी भी सुनाई जा सकती है । चूहे के दाँत बढ़ने की रफ्तार एक महीने में एक सेंटीमीटर है। )

12. घूस के बारे में क्या जानते हो ?

( इसका वज़न 300 ग्राम होता है । एक बार में 12 बच्चों तक को जन्म दे सकती है। बड़े घूस का वज़न 850 ग्राम तक होता है। )

13 यदि किसी घर में चूहे हो जाएं तो क्या करना चाहिए ?

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित कार्यक्रम

दिनांक : 16-11-78 (बृहस्पतिवार )

शीर्षक : कागज़ की कहानी

उद्देश्य : (1) कागज़ का इतिहास बताना

(2) कागज़ बनाने की विधि से परिचित कराना

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम में कागज़ का महत्व बताया गया है। फिर बताया गया है कि कागज़ का आविष्कार कैसे हुआ तथा कागज़ कैसे बनाया जाता है ।

नोट: बच्चों से प्रश्न पूछकर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें । यदि बालक उत्तर न दे पाएं तो कृपया आप उन्हें जानकारी दें ।

प्रसारण पूर्व कीगतिविधि:

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे कागज़ पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

(1) आप किस पर लिखते हैं ?

(2) कागज़ का इस्तेमाल और किस- किस चीज़ के लिए होता है?

(3) आपने' सभ्यता की कहानी' कार्यक्रम देखा था । बताओ कि क्या बहुत साल पहले कागज़ का इस्तेमाल होता था ?

(4) सबसे पहले मनुष्य ने किस पर लिखा होगा ?

( जानवरों की खाल पर, भोज पत्रों पर । )

(5) क्या आप जानते है कि कागज़ का आविष्कार कैसे हुआ ?

आज हम देखेंगे कि कागज़ का आविष्कार कैसे हुआ तथा कागज़ कैसे बनाया जाता है।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि:

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1 कागज़ का उपयोग किस लिए किया जाता है?

2 मनुष्य को लिखने की आवश्यकता क्यों पड़ी ?

3 सबसे पहले मनुष्य ने किस पर लिखा ?

( जानवरों की खाल पर । )

4. उसके बाद किस पर लिखा ?

( मिट्टी की टिकिया बनाकर उस पर खोदकर लिखा । )

5 भारत में पहले लिखने के लिए किसका इस्तेमाल किया जाता था ?

( भोज - पत्रों का । )

6 कागज़ से मिलती - जुलती चीज़ का आविष्कार सबसे पहले कहाँ पर हुआ तथा इसे किससे बनाया जाता था ?

( मिस्र में, पपाइरस से । )

7 सबसे पहले कागज़ की खोज कहाँ हुई ?

( चीन में । )

8 चीन में कागज़ किस से बनाया गया ?

( सन और चीथड़ों से । )

9 चीन में कागज़ किस प्रकार बनाया जाता था ?

( कपड़े के चिथड़ों को पानी में भिगोकर लुगदी बनाना, लुगदी को कूटकर आटे की तरह गूंध लेना और फिर साफ़ पानी में घोलना, बारीक जाली को उस घोल में डुबोना, रेशों का जाली में रह जाना, रेशों को परत को दीवार पर चिपका देना, जब वह सूख जाएं तो चावल का माँड या गोंद का लेप । )

(10) अरब देशवासियों ने कागज़ बनाना कैसे सीखा ?

( चीन और अरब में लड़ाई, उसमें चीनियों का कैद होना, उनमें से कुछ कैदी कागज़ बनाना जानते थे। अरब देशवासियों ने उन्हीं से कागज़ बनाना सीखा । उन्होंने पहले-पहल समरकंद में कागज़ बनाना शुरू किया फिर इस कला को न केवल अपने पड़ोसी देशों में, बल्कि यूरोप में भी फैलाया । )

(11) चीनियों के कागज़ बनाने के तरीके में और आधुनिक कागज़ बनाने के तरीके में क्या अन्तर है?

( जिस तरीके से चीनी लोग कागज़ बनाते थे, वही तरीका बुनियादी तौर से अब भी प्रचलित है जिसमें समय के साथ अनेक सुधार होते गए हैं । पहले लोग हाथ से कागज़ बनाते थे परन्तु अब अधिकतर कागज़ मशीनों से बनाया जाता है । परन्तु अभी भी हाथ से बने कागज़ की माँग है। )

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 20.11.78 सोमवार

शीर्षक : जोकर के दांत

उद्देश्य : 1. दांतों के बारे में जानकारी देना ।

2. यह बताना कि दांतों की रक्षा कैसे की जाए ।

3. दांत में सुराख होने का कारण बताना ।

कार्यक्रम के विषय में :

एक जोकर के दांत में दर्द । उसका दांतों के डाक्टर के पास आना । उसका इलाज तथा दांतों की देख-भाल के बारे में विस्तृत जानकारी ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

बच्चों से इस प्रकार के प्रश्न पूछिए :

1. तुम्हें क्या-क्या खाना अच्छा लगता है ?
2. खाना किससे चबाते हैं ?
3. क्या कभी किसी के दांत में दर्द हुआ है ?
4. दांत में दर्द क्यों होता है ?
5. दांतों को ठीक रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

अब उन्हें बताइए कि आज के कार्यक्रम का शीर्षक है 'जोकर के दांत ।' आओ इसमें देखें कि जोकर के दांत को क्या हो गया है ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. हमें अधिक टाफियां या मीठी वस्तुएं क्यों नहीं खानी चाहिए ?
2. एक दिन जोकर मुंह पकड़कर क्यों बैठा था ?
3. जोकर को आण्टी के पास क्यों ले गए थे ?
4. आण्टी कौन थी ?
5. आण्टी ने जोकर के दांत में दर्द का कारण क्या बताया ?

6• दांत की तीन लेयर्स या पर्तें कौन-कौन सी होती हैं ?

7• दांत में कैविटी या सुराख़ क्यों बन जाता है ?

8• हमें अपने दांतों की रक्षा कैसे करनी चाहिए ?

हमारे भोजन में विटामिन और खनिज हों ।

मीठे और चिपचिपे भोजन कम से कम खाएं ।

भोजन करने के बाद ब्रश करना चाहिए ।

अच्छी भरोसे मन्द टूथपेस्ट का जिसमें क्लोराइड हो, इस्तेमाल करनी चाहिए ।

अपने डाक्टर के पास हर छ: महीने बाद जाकर दांतों की जांच करानी चाहिए ।

9• हमें ब्रश किस प्रकार करना चाहिए ?

10• तुम अपने दांतों को मज़बूत बनाने के लिए किस तरह का भोजन करोगे ?

बच्चों को जानकारी दें कि :

हमें भोजन की जरूरत क्यों होती है और शरीर में पहुंचकर भोजन क्या कार्य करता है ?

भोजन हमारे शरीर की आवश्यकताओं के अनुकूल होना चाहिए ।

भोजन में आटा, चावल, हरी तरकारियां, दाल, दूध और दूध से बनी चीजें, मांस, मछली, चिकनाई, ताजे पके फल, चीनी, नमक आदि सब चीजें पर्याप्त मात्रा में रहनी चाहिए ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 23.11.78 बृहस्पतिवार

शीर्षक : सागर मेरा घर

उद्देश्य : 1. सागर में रहने वाले केकड़े, कछुए, मछली, ह्वेल, समुद्री हाथी, आदि का परिचय देना ।

2. यह बताना कि शार्क तथा ह्वेल का शिकार किस प्रकार किया किया जाता है ।

3. सागर के तट पर रहने वाले पैंग्वीन पक्षी के बारे में बताना ।

कार्यक्रम के विषय में :

बालकों के जाने-पहिचाने शंख और सीप, आदि से कार्यक्रम आरंभ होता है । सीप, शंख आदि का अपनी रक्षा करना, केकड़ा, झींगा, आक्टोपस, कछुआ, ह्वेल मछली का परिचय । ह्वेल तथा शार्क मछली का शिकार । समुद्री हाथी और पैंग्वीन पक्षी का परिचय ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

बच्चों को बताइए कि समुद्र के अथाह जल में भी एक दुनिया आबाद है और उसमें बहुत से जीव रहते हैं । बच्चों से सागर तट पर पाए जाने वाले शंख सीप आदि के बारे में तथा सागर में रहने वाले जीवों के संबंध में बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. सागर किसे कहते हैं ?
2. संसार में कितने महासागर हैं ? उनके नाम बताओ ?
3. समुद्र के किनारे क्या पाया जाता है जिसे बच्चे बड़े चाव से जमा करते हैं ?
4. समुद्र में कौन-कौन से जीव पाए जाते हैं ?

आओ इस कार्यक्रम में देखें कि सागर में कौन-कौन से जीव पाए जाते हैं ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम के संबंध में बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· बच्चों के पास क्या था ?

2· शंख और सीप कहाँ पाए जाते हैं ?

3· शंख अपने आप को कैसे बचाते हैं ?

4· केकड़ा किसे खा रहा था ?
(शंख को)

5· समुद्र में कौन-कौन से जानवर होते हैं ?
(केकड़ा, झींगा, आक्टोपास, कछुआ, रे मछली, समुद्री हाथी, ह्वेल मछली, मगरमच्छ, शार्क मछली)

6· कछुआ किसे खा रहा था ?

7· रे मछली या रे फिश की क्या विशेषता होती है ?

8· रे मछली का शिकार कैसे करते हैं ?

9· सबसे बड़ा जानवर कौन-सा होता है ?

10· क्या ह्वेल मछली होती है ?
(नहीं । यह स्तनधारी है । ह्वेल अण्डे नहीं बल्कि बच्चे देती है । यह देखने में मछली जैसी लगती है परन्तु मछली नहीं होती)

11· ह्वेल का शिकार किस प्रकार करते हैं ?
(भाले से, फिर जहाज़ के साथ बांध कर खींचना, फिर उसे काटकर चर्बी निकालना ।)

12· ह्वेल का शिकार क्यों करते हैं ?

13· समुद्री हाथी के बारे में क्या जानते हो ?
(हाथी जैसा बड़ा पर हाथी की तरह सूंड नहीं होती । वजन 4 या 5 टन । पानी में खेलने के बाद समुद्र के किनारे आ जाते हैं । आदमी से डरते हैं)

14· शार्क मछली के बारे में तुम क्या जानते हो ?
(आदमी को देखते ही उस पर हमला करती है । जहाँ छोटी-छोटी

मछलियाँ होती हैं उन्हें खाने के लिए शार्क मछली आती है ।
इसे पकड़ने के लिए काँटे में छोटी मछलियाँ फंसाकर समुद्र में डालते
हैं । जब शार्क मछली इन्हें खाने आती है तो काँटे में फंस जाती है ।
फिर उसे खींचकर निकाल लेते हैं । यह भारी होती है इसलिए इसे
खींचने में काफी ज़ोर लगाना पड़ता है ।)

15. पैंगविन पक्षी के बारे में क्या जानते हो ?
(आदमी की तरह चलता है, अण्डे देता है, उन्हें सेता है और
अण्डों में से फिर बच्चे निकलते हैं ।)

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 27·11·78 सोमवार

शीर्षक : फूल रानी ( तितली पर कार्यक्रम )

उद्देश्य : तितली के जीवन चक्र से परिचित कराना ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें तरह तरह की तितलियां दिखाते हुए उनके जीवन चक्र से परिचित कराया गया है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

बच्चों से इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· फूलों की रानी किसे कहते हैं ?

2· तितली के बारे में तुम क्या जानते हो ?

( इस विषय पर अधिक से अधिक बोलने को प्रोत्साहित कीजिए जैसे - तितलियों के रंग, उनका फूल-फूल पर मंडराना, उनका जीवन चक्र, आदि )

आज के कार्यक्रम में तुम्हें तितली का जीवन-चक्र दिखाया जाएगा ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :-

बालकों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

1· आज आपने कार्यक्रम में क्या देखा ?

2· तितली कहां रहती है ?

3· तितली अण्डे कहां देती है ?

( किसी पत्ते की निचली सतह पर गुच्छे के गुच्छे अण्डे देती है । )

4· शुरू-शुरू में अण्डा किस प्रकार का होता है ?

( बच्चों को बताइए कि पहले अण्डा पिन के ऊपरी भाग के बराबर होता है । पहले अण्डा सफ़ेद होता है - दो या तीन दिन बाद भूरा हो जाता है । फिर उसमें निशान पड़ जाते हैं और एक सप्ताह बाद अण्डे में से कैटरपिलर निकलता है ।)

5. शुरू-शुरू में कैटरपिलर का रंग क्या होता है ?

6. कैटरपिलर क्या खाता है ?

7. पत्ते खा-खा कर कैटरपिलर कैसा हो जाता है ?

8. कैटरपिलर अपनी खाल क्यों उतार फेंकता है ?

(कैटरपिलर के मोटे हो जाने पर उसकी खाल उसके लिए छोटी पड़ जाती है और खिंच कर चटख जाती है और उसके शरीर से उतर कर गिर पड़ती है । लेकिन उसके नीचे नई खाल होती है । वह फिर पत्ते खाना शुरू कर देता है और मोटा हो जाता है । अपनी यह खाल भी वह उतार फेंकता है । कई बार ऐसा करने के बाद ऐसा समय आता है जबकि वह मूक-कीट अथवा इल्ली बनने के लिए किसी सुरक्षित स्थान पर उल्टा होकर डाल के सहारे लटक जाता है ।)

9. उसके बाद क्या होता है ?

( उसके बदन से एक प्रकार का चिपचिपा पदार्थ निकलने लगता है । वह उसके चारों ओर फैल जाता है और जल्दी ही सूख कर एक कड़ा खोल बन जाता है । इस तीसरी अवस्था को प्यूपा कहते हैं ।)

10. उसके बाद चौथी या अंतिम अवस्था में क्या होता है ?

( वह खोल फट जाता है और उसके भीतर से रंगीन तितली बाहर आ जाती है । वह कुछ देर तक अपने गीले और लिपटे हुए पंखों को फैला-कर उन्हें सुखाती है । फिर अपने सुन्दर परों को फैला कर अपना छोटा सा जीवन बिताने के लिए हवा में उड़ जाती है ।)

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित कार्यक्रम

दिनांक : 30.11.78 वृहस्पतिवार

शीर्षक : रेगिस्तान

उद्देश्य : 1. संसार के विभिन्न रेगिस्तानों का परिचय देना ।

2. रेगिस्तान में रहने वाले लोगों के जीवन से परिचित कराना ।

कार्यक्रम के विषय में :

रेगिस्तान किसे कहते हैं ? रेगिस्तान कैसे बने ? अमेरिका, सहारा, गोबी तथा राजस्थान के रेगिस्तानों की झलक ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. क्या तुम जानते हो कि आज कार्यक्रम में क्या दिखाया जाएगा ?
   (बच्चों को कार्यक्रम का शीर्षक बताइए)
2. रेगिस्तान किसे कहते हैं ?
3. भारत में रेगिस्तान कहाँ है ?

आज हम रेगिस्तान में रहने वाले लोगों के जीवन के बारे में जानेंगे ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम के संबंध में बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. रेगिस्तान किसे कहते हैं ?
2. रेगिस्तान कैसे बने ?
3. आज कार्यक्रम में तुमने कौन-कौन से रेगिस्तान देखे ?
4. मरुस्थल का जहाज़ किसे कहते हैं ?
5. गोबी के मरुस्थल में कौन-सा पशु सबसे अधिक काम में लाया जाता है?
   (यार्क । यह ऊँट की जाति का होता है । इसके बालों से रस्सा बनाया जाता है ।)

6· रेगिस्तान में ऊँट को ही क्यों सबसे ज़्यादा प्रयोग में लाते हैं ?
(ऊँट बालू पर बड़ी सरलता से चलता और दौड़ता है । आंधी में उड़ती हुई बालू का उसके शरीर पर कोई खास असर नहीं होता । ऊँट कई दिन तक बिना पानी के रह सकता है । वह कटीले झाड़ और पत्ते खाता है । लोग ऊँटनी का दूध पीते हैं । ऊँट के चमड़े के तम्बू तथा मश्कें बनाते हैं ।)

7· रेगिस्तान में लोग प्राय: नाश्ते में क्या लेते हैं ?
(खजूर और ऊँटनी का दूध)

8· खानाबदोश या चलवासी किसे कहते हैं ?

9· रेगिस्तान में लोग डेरा कहां डालते हैं ?
(जहां आस-पास कोई चश्मा या पानी की सुविधा हो)

बच्चों को इन बातों की जानकारी दीजिए :

रेगिस्तान में बहुत कम वर्षा होती है ।

रेगिस्तान में मुख्यत: तीन वर्गों के लोग रहते हैं - खेतों के पास रहने वाले, शहरों में रहने वाले और इधर-उधर घूमने वाले ।

मरुस्थल में दिन के समय गरमी और रात को सरदी पड़ती है । वहां के लोग ऐसे कपड़े पहनते हैं, जो दिन के समय गरमी व आंधी तथा रात के समय सरदी से उनकी रक्षा करते हैं ।

रेगिस्तान में खानाबदोश प्राय: रात या सुबह के समय यात्रा करते हैं और सूर्य की कड़ी धूप और गरम हवा से बचने के लिए दिन के समय आराम करते हैं ।

वे अक्सर अपना रास्ता सूर्य, चांद और तारों से मालूम करते हैं ।

रेगिस्तान के खानाबदोश व किसान एक दूसरे पर आश्रित होते हैं ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 7.12.78 सोमवार

शीर्षक : फल तथा बीज की यात्रा

उद्देश्य : यह जानकारी देना कि कुछ बीज हवा द्वारा कुछ जीव-जन्तुओं द्वारा तथा कुछ जल द्वारा बिखेरे जाते हैं ।

कार्यक्रम के विषय में :

जैसे हम ज़मीन पर पैदल, तांगा, बैलगाड़ी, टैक्सी, बस आदि से ... हवा में हवाईजहाज़ से तथा पानी में जहाज़ अथवा नाव से यात्रा करते हैं, वैसे कुछ फल और बीज भी यात्रा करते हैं । आक (मदार) के पौधे पर जब पका फल खुलता है, तब हवा चलने पर बीज उड़ जाते हैं । इन बीजों के ऊपर कोमल बालों जैसे रेशे होते हैं और बीजों के बिखरने में यह मदद करते हैं । ये बीज हल्के होते हैं तथा इनकी संरचना पंख की तरह होती है और हवा के झोंकों के साथ यह लम्बी दूरी तय कर लेते हैं । जैसे सूरजमुखी, पैंजी आदि के बीज । कुछ बीज जानवरों के शरीर पर चिपक जाते हैं, किसी व्यक्ति के कपड़ों पर या बालों में अटक जाते हैं और इस प्रकार एक जगह से दूसरी जगह पहुँच जाते हैं तथा कुछ बीज पानी द्वारा बिखरते हैं, जैसे नारियल ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे पौधों तथा बीज-अंकुरण पर बात-चीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-

1. एक ही तरह के पौधे विभिन्न स्थानों पर क्यों पाए जाते हैं ?
2. तुमने स्कूल के आसपास आक मदार के पौधे देखे होंगे । क्या इनके बीज हम लोग बोते हैं ?
3. आक (मदार) के पौधे जगह-जगह कैसे हो जाते हैं ?
4. नारियल के बीज कैसे बिखरते हैं ?

आज हम कार्यक्रम में देखेंगे कि फल और बीज कैसे यात्रा करते हैं ?

**प्रसारण** पश्चात की गतिविधि :

1. हम किस प्रकार यात्रा करते हैं ?
2. फल तथा बीज कैसे यात्रा करते हैं ?
3. जो बीज हवा द्वारा यात्रा करते हैं, उनकी क्या विशेषता होती है ?
4. ये बीज किस तरह से बिखरते हैं ?
   (जब पका फल खुलता है, तब उसके बीज तेज़ हवा से चारों ओर उड़ जाते हैं)
5. कौन-कौन-से बीज हवा द्वारा बिखरते हैं ?
   (गुलमेंहदी, सूरजमुखी आदि)
6. बीजों पर लगे कांटे उनको बिखरने में किस तरह सहायता करते हैं ?
7. पानी द्वारा कौन-से बीज बिखर जाते हैं ?

बच्चों को यह जानकारी दीजिए :

1. एक पौधे से अनेक बीज उत्पन्न होते हैं ।
2. बीज अंकुरण के लिए ऊष्मा, नमी और हवा की ज़रूरत होती है ।
3. पेड़-पौधों को वृद्धि के लिए मिट्टी, स्थान, प्रकाश और हवा की ज़रूरत होती है ।
4. जो बीज़ हवा द्वारा बिखरते हैं, वह हल्के होते हैं और इन पर कोमल बालों जैसे रेशे होते हैं । जो जानवरों आदि द्वारा बिखरते हैं (ज़मीन पर यात्रा करते हैं) वे कांटेदार होते हैं और जो पानी द्वारा बिखरते हैं, वह खोखले होते हैं ।
5. जब बीज बिखर कर नए स्थानों पर पहुँच जाते हैं, तब उनमें से सभी बीज अंकुरित नहीं होते । केवल वही बीज अंकुरित होते हैं, जो ऐसे स्थानों पर पड़ते हैं, जहां भूमि अंकुरण के लिए उपयुक्त होती है ।

क्रिया-कलाप :

बच्चों से तरह-तरह के बीज जमा करने को कहिए और उनसे उनका वर्गीकरण कराइए ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 14.12.78 बृहस्पतिवार

शीर्षक : काला हीरा

उद्देश्य : कोयले के बारे में निम्नलिखित जानकारी देना :

1. कोयले का महत्व
2. कोयला कैसे बना ?
3. भारत में कोयला कहाँ-कहाँ पाया जाता है ?
4. खानों में से कोयला कैसे निकाला जाता है ?
5. खानों में काम करने वाले लोगों का जीवन खतरों से खाली नहीं होता ।
6. कोलतार, रंग, प्लास्टिक, विभिन्न तरह के रसायन आदि का उत्पादन ।

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम के शुरू में रेलगाड़ी का इंजन, थरमल पावर स्टेशन, इस्पात के कारखाने आदि में कोयले का इस्तेमाल दिखाया गया है । इसके बाद बताया गया है कि पत्थर का कोयला जमीन के काफी अन्दर दबा हुआ मिलता है । ये भी बताया गया है कि खानों में कोयला कैसे आया । भारत में कोयले की खानें बिहार, बंगाल, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश और असम में हैं । झरिया, बोकारो, रानीगंज आदि में कोयले की बड़ी-बड़ी खानें हैं । खानों से कोयला कैसे निकाला जाता है ? खानों में काम करने वालों की कठिनाइयाँ - कभी छत गिर जाना, खानों में से बाढ़ की तरह पानी फूट पड़ना, आग लग जाना । पत्थर के कोयले को सॉफ्ट कोक में बदलना तथा उससे कोलतार, प्लास्टिक, रंग, रसायन आदि का उत्पादन ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे ईंधन आदि पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-

1. आजकल काफी सरदी पड़ रही है और अँगीठी के पास बैठना अच्छा लगता है। बताओ कि अँगीठी में क्या जलाते हैं।
2. कोयले का इस्तेमाल कहाँ-कहाँ करते हैं ?
3. कोयला कितनी तरह का होता है ?
4. कोयला कहाँ मिलता है ?
5. कोयले को खानों में से किस तरह निकाला जाता है ?

हम आजके कार्यक्रम में कोयले के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

1. कोयले का इस्तेमाल कहाँ-कहाँ होता है ?
   (घर में ईंधन के रूप में, बड़े-बड़े इंजन चलाने के लिए, बोयालर्स को गरम करने के लिए, धातु उद्योग विशेषकर इस्पात उद्योग में, जहाज में, फैक्टरी में।)
2. कोयले को अपार शक्ति का भण्डार क्यों कहा गया है ?
   (कोयले से बहुत से उद्योग-धंधे चलते हैं।)
3. कोयला कहाँ से आता है ?
   (लकड़ी का कायेला लकड़ी जलाकर और पत्थर का कोयला जमीन के काफी अन्दर दबा हुआ।)
4. बच्चों को पत्थर का कोयला दिखाकर पूछें कि इसे पत्थर का कोयला क्यों कहा जाता है ?
   (क्योंकि यह पत्थर की तरह कठोर या कड़ा होता है।)
5. खानों में से कोयला खोद कर निकालते हैं। बताओ कि खानों में कोयला कहाँ से आया ?
   (करोड़ो साल पहले पृथ्वी पर बहुत से घने जंगल थे। जैसे जैसे समय बीतता गया वृक्ष कीचड़ में दब गए। फिर इनके ऊपर नये-नये घने जंगल उगे। वे भी कुछ समय बाद गिर गए और मिट्टी में दब गए इसी प्रकार जंगल की एक परत के ऊपर दूसरे जंगल की और परत जमती

चली गई । पृथ्वी के अन्दर इन दबे हुए ( पेड़-पौधों ) जंगलों पर अधिक दाब पड़ा । पृथ्वी के अन्दर की ऊष्मा का भी इस पर प्रभाव पड़ा । समय गुज़रता चला गया । काफी समय बाद इन्हीं जंगलों के पेड़-पौधों का कोयला बन गया ।)

6. भारत में कोयला कहाँ-कहाँ पाया जाता है ?

7. गहरी खानों में से कोयला किस प्रकार निकाला जाता है ?

( नीचे जाने के लिए लिफ्ट का प्रयोग, मशीनों से परतों का काटा जाना, कोयला ऊपर लाना )

8. कोयला निकालते समय खनिकों को किन-किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है ?

( छतों का गिर जाना, खानों में से बाढ़ की तरह पानी फूट पड़ना, थोड़ी-सी लापरवाही से आग लग जाना आदि )

9. कोयला जब खान से निकलता है तब देखने में कैसा लगता है ?

( इसमें चमक होती है । )

10. कोयले को सोफ्ट कोक में बदलने से क्या-क्या अन्य उत्पादन होते हैं ?

(कोलतार, रंग, प्लास्टिक, रसायन आदि)

बच्चों को यह जानकारी दीजिए :

1. कोयला अधिकतर कार्बन होता है और हीरा कार्बन का क्रिस्टल है, इसलिए इसे काला हीरा कहते हैं ।
2. कोयले की कुछ तहें पृथ्वी की सतह के इतने निकट हैं कि हम ऊपर से कुछ मिट्टी पत्थर हटाकर उन तक पहुंच सकते हैं । पर अधिकतर कोयला ज़मीन के काफी अन्दर दबा हुआ मिलता है ।
3. कोयले के उत्पादन की दृष्टि से भारत का विश्व में आठवां स्थान है ।

बच्चों से कहें कि आज के कार्यक्रम में जो उन्होंने देखा उस पर एक संक्षिप्त लेख लिखें ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 18· 12· 78 सोमवार

शीर्षक : कैमरा

उद्देश्य : कैमरे के बारे में जानकारी देना कि :

1· कैमरा किस सिद्धांत पर काम करता है ।

2· कैमरे के भागों के बारे में बताना ।

3· कैमरे की आँख से तुलना ।

4· गत्ते के डिब्बे से कैमरे का मॉडल बनाना ।

कार्यक्रम के विषय में :

शुरू में कैमरे से खींचे हुए कुछ चित्र दिखाए जाते हैं । फिर बताया जाता है कि कैमरा यादों को कैद कर लेता है । सभी कैमरे एक सिद्धांत पर बने हैं । प्रकाश सीधी रेखा में चलता है । लेंस द्वारा छोटी चीजों को बड़ा करके देखते हैं । गत्ते के डिब्बे से कैमरे का मॉडल बनाना बताया गया है । कैमरे में फिल्म का प्रयोग तथा नेगेटिव से फोटो बनाना दिखाया गया है । सुराख तथा लेंस के बारे में बताया गया है । दुनियाँ का सबसे अच्छा कैमरा हमारी आँख है । आँख का मॉडल दिखा कर समझाया गया है कि आँख और कैमरे में क्या समानता है ।

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· आप के पास घर में फोटो होंगे । बताओ कि फोटो किस-किस मौके पर खींचे जाते हैं ?

2· फोटो क्यों खींचते हैं ?

3· फोटो किससे खींचे जाते हैं ?

आज हम देखेंगे कि कैमरा किस प्रकार काम करता है ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

1· कैमरे का प्रयोग क्यों किया जाता है ?

2. फोटो क्यों खींचते हैं ?

3. गत्ते के डिब्बे से किस प्रकार कैमरा बनाते हैं ?

( डिब्बे को एक तरफ बीच में से काटकर मोमी कागज या ट्रेसिंग पेपर लगा दिया जाता है । दूसरी तरफ़ पिन से एक छेद कर दिया जाता है ।)

4. 'कैमरा' प्रकाश के किस सिद्धांत पर बना है ?

( प्रकाश सीधी रेखा में चलता है )

5. कैमरे में सुराख पर लेंस क्यों लगा होता है ?

6. चित्र किस पर बनता है ?

7. दुनियाँ का सबसे अच्छा कैमरा किसे कहा गया है ?

8. कैमरे और आँख में क्या समानता है ?

बच्चों को यह जानकारी दीजिए :

1. कैमरा एक विशेष प्रकार का बक्स होता है, जिसमें बाहर का प्रकाश प्रवेश नहीं कर सकता ।

2. फिल्म बक्स के पिछले भाग में रहती है । इसे खिसकाने के लिए एक पेच होता है, ताकि एक के बाद दूसरा चित्र लिया जा सके ।

3. लेंस कैमरे की आँख है । लेंस जितना अच्छा होगा, कैमरे से उतना ही अच्छा चित्र लिया जा सकेगा ।

4. डायफ्राम में एक सुराख होता है, जिसे घटाया-बढ़ाया जा सकता है । अच्छा चित्र लेने के लिए जितने प्रकाश की आवश्यकता होती है, उतने पर इसे स्थिर किया जा सकता है ।

5. चित्र लेने के लिए शटर बहुत तेज़ी से खुलता है और बन्द होता है । जब शटर खुलता है, तभी प्रकाश कैमरे के अन्दर आता है ।

6. व्यू फाइंडर फोटोग्राफर को यह दिखाता है कि उसका कैमरा क्या देख रहा है । इससे वह कैमरे को ठीक स्थिति में ला सकता है ।

7. चित्र लेने के बाद फिल्म या प्लेट को धोना पड़ता है, जिसे डेवलप करना कहते हैं ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 21· 12· 78 बृहस्पतिवार

शीर्षक : दिल्ली की कहानी भाग-1

उद्देश्य : 1· दिल्ली-इसके स्मारक और इतिहास का परिचय देना ।

2· चिड़ियाघर की सैर कराना ।

विशिष्ट उद्देश्य : योगमाया का मन्दिर, कुतुब मीनार, फिरोजशाह कोटला, खूनी दरवाजा, लालकिला तथा चिड़ियाघर के बारे में जानकारी देना ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें बताया गया है कि हजारों साल पहले इसे पाण्डवों ने बसाया था । उस समय इसे इन्द्रप्रस्थ कहते थे । उस समय से आज तक दिल्ली कई बार उजड़ी और बसी । हर बार उसका नया रूप निखर कर सामने आया । इस में योगमाया का मन्दिर, जहां आजकल हर साल फूलवालों की सैर होती है, दिखाया गया है । फिर कुतुब मीनार, फिरोज़शाह कोटला, खूनी दरवाजा, लालकिला आदि के चित्र दिखाते हुए उनके इतिहास के बारे में भी बताया गया है । फिर चिड़ियाघर, पुरानाकिला तथा कालका देवी के मन्दिर के चित्र दिखाते हुए इन के बारे में बताया गया है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे दिल्ली के दर्शनीय स्थलों पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· तुम ने दिल्ली में कौन-कौन सी जगह देखी हैं ?

2· आपके घर में किसी दूसरे शहर से रिश्तेदार आते होंगे । आप उन्हें कौन-कौन सी जगह दिखाने ले जाते हैं ।

बच्चे जिन दर्शनीय स्थलों के नाम लें, उनसे उन स्थलों के बारे में बातचीत कीजिए । आज के कार्यक्रम में हम दिल्ली के दर्शनीय स्थल देखेंगे तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि:

1. दिल्ली का पुराना नाम क्या था तथा इसे किसने बसाया था ?
   इसका पुराना नाम इन्द्रप्रस्थ था । इसे पाण्डवों ने बसाया था ।
2. आज आपने कार्यक्रम में सबसे पहले क्या देखा ?
3. इस मन्दिर को किसने बनवाया था ?
   (पाण्डवों ने)
4. यहां पर हर साल कौन-सा मेला लगता है ?
5. हमारे देश का सबसे ऊँचा और सुन्दर मीनार कौन-सा है ?
6. कुतुब मीनार को किसने बनवाया था ?
   आज से 750 साल पहले इसे सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक ने शुरू किया था। इसकी दूसरी तीसरी और चौथी मंजिल सुल्तान अल्तमश ने तथा आखिरी मंजिल फिरोज़शाह तुगलक ने बनवाई ।
7. फिरोजशाह तुगलक के महल के खण्डहर आज किस नाम से जाने जाते हैं?
8. लालकिला किसने बनवाया था ?
9. आपने लालकिले में क्या-क्या देखा ?
10. भारत के प्रधान मंत्री 15 अगस्त को दिल्ली में झण्डा कहां फहराते हैं?
11. लाल किले के सामने कौन-सा मशहूर बाज़ार है ?
12. चाँदनी चौक में आपने और क्या-क्या देखा ?
13. देश की सबसे बड़ी मस्जिद का क्या नाम है तथा इसे किसने बनवाया था।
14. आपने चिड़ियाघर में क्या देखा ?
15. चिड़ियाघर के बाद आपने क्या-क्या देखा ?

(पुराना किला और उसमें शेर मण्डल की इमारत हुमायु की मौत इन्ही सीढ़ियों से फिसल कर हुई थी । पास ही एक मस्जिद है । पूर्वी दीवार के साथ लगा पाण्डवों के जमाने का भैरों का मंदिर । हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह और उसमें पुरानी बावड़ी । बदरपुर गांव के पास पुराना कालका देवी का मंदिर जहाँ हर साल मेला लगता है ।
बच्चों से हुमायूँ का मकबरा, सफदरजंग का मकबरा, हौजखास, सूर्यकुण्ड, जंतर-मंतर आदि पर बातचीत कीजिए ।)

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 8·1·79 सोमवार

शीर्षक : दिल्ली की कहानी भाग-2

सामान्य उद्देश्य : नई दिल्ली के विभिन्न दर्शनीय स्थलों का परिचय देना ।

विशिष्ट उद्देश्य : निम्न के बारे में जानकारी देना :

1· अंग्रेज़ी हुकूमत के समय नई बस्ती का निर्माण – जिसे नई दिल्ली कहते हैं ।

2· कनाट प्लेस, जन्तर मन्तर, आकाशवाणी भवन, संसद भवन, केन्द्रीय सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, मुगल बाग, इण्डिया गेट, राष्ट्रीय संग्रहालय, गुरुद्वारा रकाबगंज, राजघाट, विजयघाट, शान्तिवन, अन्तर्राष्ट्रीय-गुड़ियाघर, लक्ष्मीनारायण मन्दिर ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें मुगलकाल से लेकर अब तक की दिल्ली की कहानी बताई गई है । अंग्रेज़ी हुकूमत के समय नई दिल्ली बसाई गई । इसके बाद नई दिल्ली के सबसे सुन्दर बाज़ार कनाट प्लेस के बारे में बताया गया है । फिर जन्तर मन्तर, दूरदर्शन केन्द्र, रेडियो स्टेशन, संसद भवन, केन्द्रीय सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, मुगलबाग, इण्डिया गेट, राजपथ के दोनों ओर बहती छोटी नहरें, राष्ट्रीय संग्रहालय, गुरुद्वारा रकाबगंज, राजघाट, शान्तिवन, विजयघाट, अन्तर्राष्ट्रीय-गुड़ियाघर तथा लक्ष्मीनारायण मन्दिर आदि के चित्र दिखाते हुए इनके बारे में बताया गया है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे 'दिल्ली की सैर भाग-1' कार्यक्रम के बारे में बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· आपने पिछली बार कौन-सा कार्यक्रम देखा था ?

2· उसमें आपने क्या-क्या देखा था ?

3. आपने कुछ दर्शनीय स्थान पिछले कार्यक्रम में देखे । इनके अतिरिक्त और कौन-कौन से स्थान हैं, जिनके बारे में आप जानते हैं ?

आज हम दिल्ली की मुगलकाल से लेकर अब तक की कहानी सुनेंगे ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

बच्चों से इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. इस शहर का नाम दिल्ली क्यों पड़ा ?
   (शायद हर दिल को खींचने की कोशिश होने के कारण इसका नाम दिल्ली पड़ा ।)
2. पुरानी बस्ती के बराबर जो नई बस्ती बनी, उसका नाम क्या है ?
3. नई दिल्ली का सबसे सुन्दर बाज़ार कौन-सा है ? तुम उसके बारे में क्या जानते हो ?
4. जन्तर मन्तर की विशेषता क्या है ?
   (यह राजा सवाई जयसिंह की वेधशाला यानि (observatory) थी । यहाँ कभी चांद, सूरज और तारों के बारे में खोजबीन की जाती थी । यहाँ मौसम के बारे में भी जानकारी दी जाती है ।)
5. आप दूरदर्शन पर जो कार्यक्रम देखते हैं, वे कहाँ से प्रसारित होते हैं ?
6. दूरदर्शन केन्द्र तथा रेडियो स्टेशन कहाँ स्थित है ?
7. संसद भवन के बारे में तुम क्या जानते हो ?
   (यह 1929 में तैयार हुआ था । यहाँ देश के प्रतिनिधि कानून बनाते हैं और देश का शासन चलाते हैं ।)
8. संसद भवन के पीछे कौन-सी इमारत है ?
9. हमारे देश के राष्ट्रपति कहाँ रहते हैं ?
10. मुगल बाग कहाँ पर है तथा इसकी क्या विशेषता है ?
11. इण्डिया गेट किसकी याद में बनवाया गया था ?
   (प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए सत्तर हज़ार भारतीय जवानों की याद

में बनाया गया था ।)

12· इण्डिया गेट के बारे में आप और क्या जानते हैं ?

(सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में मारे गए भारतीय जवानों की याद में 26 जनवरी 1972 को यहां अमर जवान ज्योति जलाई गई ।)

13· दिल्ली ने अपनी कहानी में तुम्हें बताया कि देश के अतीत की बहुत सी यादगारें जमा हैं । बताओ किस तरह की यादगारें हैं तथा कहां जमा हैं ?

14· केन्द्रीय सचिवालय के पास सफ़ेद पत्थर से बनी कौन-सी इमारत है ?

15· यमुना के किनारे किन-किन महान स्वतंत्रता सेनानियों की समाधियां हैं ?

16· आपने इस कार्यक्रम में और क्या-क्या देखा ?

(अन्तर्राष्ट्रीय गुड़ियाघर - जिसमें संसार के सभी देशों की तरह-तरह की खूबसूरत गुड़ियां जमा की गई हैं ।)

17· आपने इस कार्यक्रम के अंत में क्या देखा तथा उसके बारे में आप क्या जानते हैं ?

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक: 11.1.79 : वृहस्पतिवार

शीर्षक : चींटियां

उद्देश्य : चींटियों के बारे में निम्न जानकारी देना

1. चींटियां बहुत मेहनती होती हैं ।
2. इनमें सामाजिक एकता और सहकारिता बहुत ज़्यादा होती है।
3. चींटियां बहुत तरह की होती हैं ।
4. हर जाति की चींटी के काम अलग - अलग होते हैं ।

कार्यक्रम के विषय में :

शुरु में बताया गया है कि चींटी है तो छोटी, पर हाथी के भी छक्के छुड़ा देती है। फिर टिड्डा और चींटी की कहानी सुनाई गई है। जंगल में टिड्डा और चींटी रहते थे। टिड्डा नाचता-गाता रहता था। लेकिन चींटी मेहनती थी। उसने जाड़ों के लिए भी अपना भोजन जमा कर लिया । जब जाड़े आए तो बर्फ़ पड़ी । टिड्डे को भूख लगती पर खाने को कुछ न मिलता। टिड्डा चींटी के पास खाना मांगने गया । चींटी ने उसे दुत्कार दिया।

टिड्डा रास्ते में बीमार हो गया और गिर पड़ा । गिलहरी ने उसे देखा, ले गई और दवा दी । टिड्डा ठीक हो गया और फिर से नाचने-गाने लगा। एक दिन चींटी जब वहां से जा रही थी, तो उसने देखा कि वहां नाच- गाना हो रहा है। टिड्डे ने उसे बुलाया । चींटी ने कहा कि मैंने उस दिन आपसे अच्छा व्यवहार नहीं किया। मुझे शर्म आ रही है । टिड्डे ने कहा, छोड़ो इन बातों को, हमारे साथ नाचो- गाओ । चींटी उसके साथ चल दी । इस कहानी की फिल्म दिखाई गई है। फिर बताया गया है कि चींटियां बहुत तरह की होती हैं । सहकारिता और सामाजिक एकता उनमें बहुत ज़्यादा है। इनमें रानी चींटी होती है। बाकी सब मज़दूर, सैनिक और किसान चींटियां होती है। इनके घर वातानुकूलित होते हैं ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्र म में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. क्या तुम जानते हो कि आज किस विषयपर कार्यक्रम दिखाया जाएगा?

( बच्चों को आज के कार्यक्रम का शीर्षक बताएं । )

2. तुम चींटी के बारे में क्या - क्याजानते हो?

( बच्चों से प्रश्न पूछकर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें । )

3. यदि तुम्हें चींटी के बारे में कोई कहानी मालूम हो तो उसे सुनाओ।

4. तुम्हारे विचार में आज " चींटी " कार्यक्रम में क्या दिखाया जाएगा?

आज हम चींटी और टिड्डे की कहानी देखेंगे तथा चींटी के बारे में कुछ और जानकारी प्राप्त करेंगे ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि:

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. आज कार्यक्रम में आप ने जो कहानी देखी, उसे सुनाइए।

2. इस कहानी से आपको चींटियों के बारे में क्या पता चलता है?

3. चींटियां कौन- कौन से रंग की होती हैं?

4. चींटियों के किस गुण की ओर इस कार्यक्रम में ध्यान दिलवाया गया है?

5. चींटियां एक दूसरे के पीछे क्यों चलती हैं?

(एक चींटी आगे जाती है, उसके पैरों के निशान दूसरी चींटी सूंघती है और सूंघने के बाद आगे बढ़ती है।)

6. चींटियोंकी हर बस्ती में कौन - कौनसी चींटियां होती हैं?

7. मज़दूर चींटियां क्या करती हैं?

8. नर्स चींटियाँ क्या करती हैं ?

9. किसान चींटियाँ क्या - क्या करती हैं?

10. कुछ चींटियाँ रात दिन खाती रहती है। वे बाकी चींटियों की किस प्रकार मदद करती हैं?

(ये एक तरह का जीता- जागता गोदाम होती हैं । जब और चींटियों को खाना नहीं मिलता तो वह इनके पास आती हैं और इनसे एक तरह का रस लेकर अपना पेट भर लेती हैं ।)

11. इनके घरों की क्या विशेषता होती है?

(इनके घर वातानुकूलित होते हैं । इनके घर में कुछ सुरगें होती हैं जिससे न ज़्यादा जाड़ा लगता है और न ज़्यादा गरमी )

बालकों को यह भी बताइए :

1. हर बस्ती में नर, मादा और कमेरी चींटियाँ होती हैं ।

2. ये माँहू नामक छोटे कीड़े को, जो सरसों आदि के फूलों में रोग की तरह लग जाते हैं, पकड़ कर अपने बिलों में ले जाती हैं । उनको गाय की तरह पाले रहती हैं । जब उन्हें दूध की ज़रूरत होती है तो वे अपनी नोकीली सूँड के सिरे को उनके शरीर में गड़ाकर एक प्रकार का रस प्राप्त कर लेती हैं ।

क्रिया - कलाप:

बच्चों से टिड्डा और चींटी की कहानी का अभिनय करवाइए ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 15·1·79 : सोमवार

शीर्षक : बाघ

उद्देश्य : 1· बाघ के बारे में जानकारी देना ।

2· बाघ, तेंदुआ, सिंह, चीता आदि में अन्तर बताना ।

कार्यक्रम के विषय में :

बच्चों को बताया गया है कि जंगल किसे कहते हैं तथा वहाँ कौन-कौन से जानवर होते हैं । जंगलों तथा पशुओं को बचाना क्यों आवश्यक है। फिर सिंह, तेंदुआ, बाघ, चीता में अन्तर बतायागया है। फिर बाघ के परिवार के बारे में बताया गया है तथा ये भी बताया गया है कि वह किस प्रकार शिकार करता है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· हमारा राष्ट्रीय पशु कौन सा है ?

2· बाघ कहाँ रहता है?

3· जंगल में और कौन - कौन से पशु रहते हैं?

4· तुम बाघ के बारे में क्या जानते हो?

बच्चों से छोटे- छोटे प्रश्न पूछ कर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें ।

आज हम बाघ के बारे में कुछ और जानकारी प्राप्त करेंगे ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

कार्यक्रम के आधार पर बच्चों से बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. जंगल में क्या- क्या होता है?

2. मनुष्य ने जंगल काट- काट कर मैदान क्यों बनाए ?

( जैसे - जैसे आबादी बढ़ी अधिक जगह की ज़रूरत पड़ी । जंगल काट- काट कर मैदान बनाए गए और वहां मकान, कारखाने आदि बने । )

3. जंगल काट कर मैदान बनाने का जानवरों पर क्या असर पड़ा?

( कई अच्छे जानवर जो कुदरत की अनमोल देन थे, खत्म हो गए । )

4. ऐसा कौन सा जानवर है जो जो अफ्रीका में मिलता है, किन्तु भारत में नहीं मिला ।

( चीता )

5. वो कौन- सा जानवर है, जो भारत में अबखतरे के निशान पर पहुंच गया है?

( बाघ )

6. टाइगर प्रोजेक्ट क्यों बनाया गया है?

( सारी दुनिया में जो जानवरों को प्यार करते है, उन्होंने टाइगर प्रोजेक्ट बनाया है, ताकि इन्हें मारा न जाए और इनकी रक्षा की जाए । )

7. बाघ और सिंह/बब्बर शेर में क्या अन्तर होता है?

( सिंह अपने कन्धों के पास बड़े बालों के कारण बहुत सुन्दर और रोबीला दिखाई देता है। इसका रंग भूरा होता है, पूंछ लम्बी होती है और दुम के सिरे पर बालों का गुच्छा सा होता है। बाघ बिल्ली परिवार का है।

यह भूरे रंग का होता है। इसके शरीर पर काली धारियाँ होती हैं। )

8• बिल्ली जाति का आपने और कौन -सा जानवर देखा ?

( तेंदुआ )

9• बाघ के शरीर पर काली धारियाँ शिकार में किस प्रकार मदद करती हैं?

10• ये अपने बच्चों का पालन पोषण किस प्रकार करते हैं?

11• हमारा राष्ट्रीय पशु कौन -सा है?

12• बाघ प्राय: किन- किन जानवरों का शिकार करता है ।

बच्चों को ये जानकारी दीजिए :

1• बाघ अपने शिकार को एक ही थपेड़े में मार गिराता है।

2• इसका वजन 250 किलोग्राम होता है और लम्बाई लगभग दो या ढाई मीटर होती है।

3• यह तेंदुए की तरह पेड़ों पर नहीं चढ़ सकता परन्तु पानी में बड़ी खूबी से तैर लेता है।

4• बाघ हमारे देश में मध्यप्रदेश और बंगाल आदि के घने जंगलों में पाए जाते हैं । लेकिन इनकी ज़्यादा संख्या हिमालय की तराई में जंगलों में पाई जाती है।

5• बाघ अपना शिकार झुण्ड में नहीं करता । यह अपना शिकार अकेले में करना पसन्द करता है और रहना भी अकेले पसन्द करता है।

क्रिया कलाप :

1• जैसाकि कार्यक्रम में दिखाया गया है उसी प्रकार कपड़े से बाघ की पुतली बनवाइए ।

2• बच्चे कार्यक्रम में दिखाया गया खेल खेलें ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 18.1.79 बृहस्पतिवार

शीर्षक : हँसते-गाते

उद्देश्य : 1. खेल के माध्यम से ज्ञान बढ़ाना ।

2. समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास करना ।

3. शब्द निर्माण

कार्यक्रम के विषय में :

यह प्रश्नोत्तर कार्यक्रम है । बच्चों को दो टोलियों में बाँटा गया है। पहले एक प्रश्न पूछा गया है । जिस टोली का बालक प्रश्न का उत्तर ठीक देता है, उसी टोली का बालक दूसरी टोली के बच्चों से प्रश्न या पहेली पूछता है । इसी प्रकार यह खेल चलता रहता है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. क्या तुम जानते हो कि आज किस विषय पर कार्यक्रम दिखाया जाएगा?
   (बच्चों को आज के कार्यक्रम का शीर्षक बताएं)

2. आज 'हँसते-गाते' कार्यक्रम में क्या दिखाया जाएगा ?
   (बच्चों को उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करें)

अब बच्चों को बताइए कि आज वह प्रश्नोत्तर कार्यक्रम देखेंगे । वे ध्यान से प्रश्न या पहेली सुनें और सोचकर सही उत्तर बताएं ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

बच्चों को कहिए कि वे इसी प्रकार से कुछ पहेलियां तथा प्रश्न सोचकर आएं । अगले दिन बच्चों को दो टोलियों में बिठा कर प्रश्नोत्तर कार्यक्रम करवाएं ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 22. 1. 79 सोमवार

शीर्षक : बन्दर

उद्देश्य : 1. बन्दरों की कहानियों द्वारा उनकी आदत आदि के बारे में जानकारी देना ।

2. विभिन्न बन्दरों के बारे में जानकारी देना ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें बन्दरों से संबंधित तीन कहानियां - 1. बंदर और मगरमच्छ, 2. बन्दर और टोपीवाला तथा 3. बन्दर ने राजा की नाक काटी, सुनाई गई है । इसमें स्पाईडर बंदर/मकड़ बंदर, सिंगा बंदर, पुरानी दुनिया के बन्दर, बैबून, औरंग उटान, चिम्पाज़ी, हमदर्याज़, दिल्ली के चिड़ियाघर के बन्दर तथा हुलुक बन्दर के चित्र दिखाते हुए इनके बारे में बताया गया है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. नकल करने के लिए कौन-सा जानवर प्रसिद्ध है ?
2. तुमने बंदर कहां-कहां देखे हैं ?
3. बंदर के बारे में तुम क्या जानते हो ?

बच्चों से प्रश्न पूछकर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें ।

आज हम बंदर पर कार्यक्रम देखेंगे । इसमें बंदरों के बारे में कहानियां सुनाई जाएंगी तथा बंदरों के बारे में बताया जाएगा ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. बन्दर और मगरमच्छ की कहानी सुनाओ ।

2. इस कहानी से तुम्हें बंदर और मगरमच्छ के बारे में क्या पता चलता है?
3. टोपीवाले ने अपनी टोपी उतारकर क्यों फेंकी ?
4. 'बंदर ने राजा की नाक काटी' कहानी तुमने सुनी । तुम यदि राजा होते तो क्या तुम बंदर पालते, क्यों ?
5. स्पाइडर बंदर या मकड़ बंदर कहाँ पाया जाता है तथा इनकी क्या विशेषता होती हैं ?
(यह दक्षिण अमरीका में पाया जाता है । यह अनेक काम एक साथ कर सकता है । एक हाथ से फल खाता है, दूसरे हाथ से खाने के लिए फल तैयार करता है । एक पैर से फल बटोरता है तथा दूसरे पैर और दुम से वह एक शाखा से दूसरी शाखा पर झूलता रहता है ।)
6. सिंहा बन्दर की क्या विशेषता होती है ?
(यह चमकीले रंग का होता है । इसकी गरदन के चारों ओर बाल (अयाल) भूरे रंग के और पूंछ शेर की तरह गुच्छे वाली होती है । यह 12 से 20 के दलों में रहता है ।)
7. तुमने पुरानी दुनिया के बन्दर देखे, उनके बारे में तुम क्या जानते हो ?
(इनकी दुम नहीं होती । अन्य बंदरों से इनकी खोपड़ी छोटी होती है । इनके दांतों की संख्या और उनकी क्रम व्यवस्था मनुष्यों के दांतों जैसी होती है ।)
8. ओरंग उटान की शक्ल-सूरत किससे मिलती है ?
(मनुष्य से)
9. बंदर सिर पर मिट्टी रखकर पोखर में क्यों घुसते हैं ?
(कुछ सिंघाडों को तोड़-तोड़ कर मुंह में रखते हैं तथा कुछ मिट्टी में जमाते चलते हैं । पोखर से बाहर निकलने पर बंदर अपने सिर पर जमाई मिट्टी में रखे सिंघाड़े बड़े मज़े से खाते हैं ।)

10. सरकस में प्राय: तमाशा दिखाने के लिए किस बंदर का प्रयोग किया जाता है ?
(चिम्पाज़ी का)

11. आपने आज कार्यक्रम में और कौन-कौन से बंदर देखे ।
(हमदयाज़, हुलुक बंदर)

12. बंदरों के स्वभाव के बारे में आप क्या जानते हैं ?
(नकलची होता है । बहुत गुस्सैल होता है । गुस्सा आने पर काट खाता है । बंदर सांप को बड़े अज़ीब ढंग से मारता है । यह सांप का फन मज़बूती से पकड़ लेता है और रगड़-रगड़ कर उसका फन कुचल देता है)

बच्चों को बताइए कि :

1. आज से डेढ़-दो करोड़ वर्ष पहले घने जंगलों में बड़े आकार के बंदर पाए जाते थे । बहुत से प्रमाणों के आधार पर कहा जाता है कि मनुष्य इन्हीं बंदरों का विकसित रूप है । मनुष्य का मस्तिष्क इन बंदरों की अपेक्षा अत्यधिक विकसित होता है ।
2. बच्चों को नीचे दिए गए मुहावरों का अर्थ समझाते हुए इनका वाक्यों में प्रयोग करवाइए :
   क. दांतों तले उंगली दबाना
   ख. नाक कट जाना ।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित कार्यक्रम

दिनांक : 1.2.79 : बृहस्पतिवार

शीर्षक : चुम्बक

उद्देश्य : चुम्बक के बारे में जानकारी देना

1. चुम्बक किसे कहते हैं?
2. चुम्बक का उपयोग।
3. हर चुम्बक में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव होते हैं।

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम चुम्बक के खिलौने से आरम्भ होता है। चुम्बक के बारे में कहानी। चुम्बक के पास लोहे को ले जाएं तो वह लोहे को खींचता है। चुम्बक से पता लगाना कि बरतन लोहे का है या स्टील का। हर चुम्बक में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। खिलौने में चुम्बक का प्रयोग। अगर दो चुम्बकों के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पास आएंगे तो एक दूसरे को खीचेंगे। यदि दोनों के उत्तरी या दोनों के दक्षिणी ध्रुव पास आएंगे तो दोनों एक दूसरे को दूर ठेलेंगे। इसके अतिरिक्त इस से विद्युत चुम्बक या बिजली के चुम्बक का प्रयोग के बारे में बताया गया है।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि:

बच्चों से चुम्बक के बारे में बातचीत कीजिए। उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं, जैसे :-

1. चुम्बक की क्या विशेषता होती है?
2. किसी खिलौने के बारे में बताओ जिसमें चुम्बक लगा हो।
3. चुम्बक का किस- किस में इस्तेमाल किया जाता है?

यदि सम्भव हो तो बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उन्हें कोई खिलौना भी दिखाया जा सकता है जिस में चुम्बक लगा हो।
आओ, इस कार्यक्रम से हम चुम्बक के बारे में कुछ और जानकारी प्राप्त करें।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि:

बच्चों से कार्यक्रम के सम्बन्ध में बातचीत कीजिए। उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. चुम्बक की क्या विशेषता होती है?

2. यदि चुम्बक को रबड़ या लकड़ी के पास ले जाए तो क्या चुम्बक इन्हें अपनी ओर खींचेगा ?

3. चुम्बक से आप किस चीज़ की जाँच कर सकते हैं? कैसे ?

4. चुम्बक के दोनों सिरों को क्या कहते हैं?

5. यदि हम दो चुम्बक की पत्तियाँ लें और दोनों चुम्बकों के उत्तरी ध्रुव पास लाएँ तो क्या होगा ?
   ( दोनों एक दूसरे को ठेलेंगे )

6. यदि हम दो चुम्बक की पत्तियाँ लें और एक का उत्तरी ध्रुव और दूसरी पत्ती का दक्षिणी ध्रुव पास लाएँ तो क्या होगा ?
   (दोनों एक दूसरे को खींचेंगे ।)

आज कार्यक्रम में तुमने प्लास्टिक की बतख देखी । प्लेट में खाने की चीज़ उसके पास लाने पर वह अपना मुँह प्लेट की तरफ़ कर देती थी और प्लेट में पत्थर आने पर वह अपना मुँह दूसरी ओर कर लेती थी । बताओ ऐसा क्यों होता था ?

क्योंकि प्लेट और बतख के नीचे चुम्बक लगा हुआ था। जब बतख और प्लेट के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पास आते हैं, तो दोनों एक दूसरे को खींचते हैं। इसीलिए जब प्लेट में खाने की चीजें सामने आती थीं, तो बतख अपना मुँह प्लेट की तरफ़ कर लेती थी । जब दोनों के उत्तरी या दक्षिणी ध्रुव पास आते हैं, तो एक दूसरे को ठेलते हैं ।

8. यह तो हुई खिलौनों की बात । अब बताओ कि चुम्बक और किस-किस में काम आते हैं?

कुतुवनुमा की सुई में भी चुम्बक लगा रहता है। लोहे आदि के गोदामों में कील चुनने के लिए । रेफ्रीजेटर के दरवाजों में, विजली की घण्टी, रेडियो, बड़ी- बड़ी मशीनों में ।

बच्चों को यह जानकारी दीजिए :

1. एक विशेष प्रकार की चट्टान होती है, जो लोहे और इस्पात को अपनी ओर खींचती है। इसे " मैग्नेटाइट, " या " लोड स्टोन " कहते हैं । इसके टुकड़ों में प्राकृतिक चुम्बक होता है ।

2. हर चुम्बक में उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव होता है।

3. विद्युत चुम्बक लोहे या इस्पात को तब तक अपनी तरफ नहीं खीचता, जब तक इसके तारों में बिजली की धारा प्रवाहित न हो। जैसे ही बिजली की धारा बन्द होगी, इसकी चुम्बकीय शक्ति समाप्त हो जाएगी ।

4. आज विद्युत चुम्बक का प्रयोग घर की घण्टी, टेलीफोन के रिसीवर, रेडियो और टेलीविजन से लेकर पावर मोटर से चलने वाली मशीनों में भी हो रहा है। अगर विद्युत चुम्बक न रहे तो हमारे जीवन का ढाँचा ही बदल जाए।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक: 5-2-79 ( सोमवार)

शीर्षक : सबसे ताकतवर - चूहा

उद्देश्य : बच्चों को निम्न जानकारी देना :

1. चूहा बहुत ताकतवर होता है।
2. चूहों की संख्या बहुत जल्दी बढ़ती है।
3. चूहे हमें नुकसान पहुंचाते हैं ।

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम के शुरू में ' फिर चुहिया की चुहिया ' कहानी चित्रों की सहायता से सुनाई गई है । फिर बताया गया है कि चूहे को ताकतवर कहा गया है, क्योंकि:

1. यह तीन या चार मंजिल की इमारत से गिरने पर भी नहीं मरता ।
2. इसके दांत बहुत तेज होते हैं और यह लकड़ी को भी काट खाता है ।
3. परमाणु बम के विस्फोट का भी चूहों पर अधिक असर नहीं होता ।
4. चूहा बिनाथके एक किलोमीटर आसानीसे तैर सकता है ।

इस कार्यक्रम में यह भी बताया गया है कि चूहे हमें बहुत नुकसान पहुंचाते हैं । चूहे प्लेग फैलाते हैं, अनाज खाते हैं तथा उसे नष्ट करते हैं । चूहों की संख्या बहुत जल्दी बढ़ती है।

प्रसारण पूर्व क्रियाविधि

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. क्या आप के घर में चूहे हैं?
2. चूहों को हम कैसे पकड़ते है ?
3. चूहों को हम क्यों पकड़ते हैं ?

आज हम देखेंगे कि चूहे को सबसे ताकतवर क्यों कहा गया है?

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

कार्यक्रम के आधार पर बच्चों से इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते है :

1• तुमने आज कौन - सी कहानी सुनी ?

( 'फिर चुहिया की चुहिया ' बच्चों से यह कहानी सुनिए )

2• यदि तुम तपस्वी होते और तुम्हें एक चुहिया मिलती, तो तुम क्या करते ? क्यों ?

3• तपस्वी ने लड़की को फिर से चुहिया क्यों बना दिया ?

4• चूहे को ताकतवर क्यों कहा गया है ?

( इसके दांत बहुत तेज़ होते है । परमाणु बम के विस्फोट का भी इस पर अधिक असर नहीं होता । एक किलोमीटर तक बिना थके तैर सकता है। )

5• एक बार में चुहिया कितने बच्चों को जन्म देती है ?

( लगभग 5 से 8 तक )

6• चूहे कौन - सा रोग फैलाते है ?

( प्लेग )

7• चूहे क्या - क्या नुकसान पहुंचाते है ?

( चूहे बीमारी फैलाते हैं । अनाज को खा जाते है तथा नष्ट कर देते है। )

8• भारत की आबादी( आदमी, औरतें और बच्चे) कितनी है?

( 60 करोड़ )

9• भारत में चूहों की आबादी कितनी है ?

( 6 अरब )

10• चूहों की संख्या इतनी ज़्यादा क्यों है?

( चूहों की संख्या बहुत जल्दी बढ़ती है । )

बच्चों को जानकारी दीजिए :

अनाज

1. एक साल में एक चूहा 10 किलोग्राम / खा जाता है और लगभग इतना ही नष्ट कर देता है।
2. चूहे बहुत नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए इन्हें मारने के लिए कई तरीके इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 8·2·79 : बृहस्पतिवार

शीर्षक : अनोखी भट्ठी " पेट "

उद्देश्य : बच्चों को जानकारी देना कि :

1· सभी जीवधारियों को भूख लगती है।

2· भोजन की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

3· भोजन हमारे शरीर में कहाँ जाता है तथा कौन- कौन से अंग खाना खाने तथा पचाने में सहायता करते हैं ।

4· भोजन किस प्रकार का होना चाहिए ?

5· भोजन साफ़ - सुथरा हो ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें बताया गया है कि सभी जीवधारियों को भूख लगती है। कुछ जीवधारी शाकाहारी होते हैं और कुछ माँसाहारी । कुछ शाकाहारी तथा माँसाहारी दोनों होते हैं और इन्हें सर्वाहारी कहते हैं ।

हमारा बहुत - सा समय खाने- पीने की वस्तुएं जुटाने और खाने में चला जाता है। भोजन जीवधारियों के लिए आवश्यक है। हमारे शरीर के लिए भोजन के तीन कार्य है : 1· शरीर की वृद्धि करना । 2· शरीर को ऊर्जा देना । 3· शरीर को बीमारी आदि से सुरक्षित करना ।

इसके बाद पाचन- तंत्र के अंगों - दाँत, लार- ग्रन्थियाँ, आहार- नली, अमाशय, छोटी आँत, बड़ी आँत आदि के बारे में चित्रों की सहायता से बताया गया है। फिर बताया गया है कि भोजन के तत्त्व - मंड प्रोटीन, वसा, विटामिन किन- किन पदार्थों में पाए जाते हैं । सन्तुलित भोजन पर विशेष प्रकाश डाला गया है एवं यह भी सोदाहरण स्पष्ट किया गया है कि खुले स्थान पर रखे खाद्य पदार्थ क्यों नहीं खाने चाहिए।

प्रसारणपूर्व की गतिविधि:

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-

1. तुम्हें क्या- क्या खाना पसन्द है?
2. हम खाना क्यों खाते हैं?

बच्चों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें

अब बच्चों को बताइए कि आज हम देखेंगे कि हमें भोजन की आवश्यकता क्यों पड़ती है। भोजन हमारे शरीर में कहाँ जाता है। कौन- कौन से अंग खाना खाने और पचाने में सहायता करते हैं। भोजन के कार्य क्या है तथा भोजन किस प्रकार का होना चाहिए।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

कार्यक्रम के आधार पर बच्चों से बातचीत कीजिए। उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-

1. इस कार्यक्रम में अनोखी भट्ठी किसे कहा गया है?
2. कौन - कौन से जानवर शाकाहारी हैं?
   (गाय, भैंस, भेड़, बकरी)
3. कौन - कौन से जानवर माँसाहारी हैं?
   (शेर, चीता, मेंढक आदि)
4. सर्वाहारी किसे कहते हैं?
5. हम खाना क्यों खाते हैं?
6. खाना हमारे शरीर के लिए किस प्रकार से लाभदायक है?
7. भोजन को खाने और पचाने में सहायता करने वाले कौन से अंग हैं?
   ( दाँत, आहारनली, अमाशय, छोटी आँत, बड़ी आँत आदि)

8. भोजन में कौन - कौन से तत्व होते हैं?

( मंड, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज, लवण आदि )

9. संतुलित भोजन किसे कहते हैं ?

( जिसमें भोजन के सभी तत्व उचित अनुपात में हों )

10. किस तरह का भोजन नहीं खाना चाहिए और क्यों?

( गंदा, सड़ा, गला, खुले स्थानों पर रखा हुआ भोजन नहीं करना चाहिए क्योंकि इसे खाने से बीमारी होने का खतरा है। )

--

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 15.2.79 बृहस्पतिवार

शीर्षक : खेल दिखाए भालू

उद्देश्य : भालू के बारे में विस्तृत जानकारी देना

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें सबके जाने-पहचाने जंगली जानवर रीछ के बारे में बताया गया है। भालू जंगलों में रहता है और खूंखार होता है । हमारे देश में भूरे और काले रंग के दोनों तरह के भालू पाए जाते हैं । भूरे भालू सरदी शुरू होने पर गुफाओं में चले जाते हैं और सरदियों में वहीं रहते हैं । यह घास-पात, कन्द-मूल और फल-फूल खाते हैं । मौका पड़ने पर कीड़े-मकोड़े भी खा जाते हैं और बकरी तक हड़प कर जाते हैं । इसे शहद भी बहुत पसन्द है । भूरा भालू सीधा-साधा होता है, मगर काला भालू शैतान होता है । यह आदमी पर भी हमला कर देता है । इसकी नज़र कमज़ोर होती है । सुनने की शक्ति भी इसमें अधिक नहीं होती । परन्तु इसमें सूंघने की शक्ति गज़ब की होती है। काला भालू भूरे भालू से तेज़ भागता है और तेज़ तैरता है । इसकी बुद्धि भी तेज होती है । इस बात की पुष्टि के लिए दो कहानियां सुनाई गई हैं ।

भारत में पाए जाने वाले भालू जिन्हें मदारी नचाते फिरते हैं, काले होते हैं । इन्हें बहुत से लोग रीछ कहते हैं । यह दिन में आराम करता है और रात में शिकार के लिए निकलता है । यह दीमक खाने का बड़ा शौकीन होता है । भालू का वज़न तीन क्विंटल तक होता है । फिर बताया गया है कि मादा भालू अपने बच्चों का पोषण किस प्रकार करती है तथा नर भालू से उनकी रक्षा किस प्रकार करती है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. आपने किस-किस जानवर का नाच देखा है ?
2. बन्दर, रीछ आदि का नाच कौन दिखाता है ?
3. तुम रीछ के बारे में क्या-क्या जानते हो ?

(बच्चों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें।)

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

कार्यक्रम के संबंध में बच्चों से बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. भालू कहाँ रहता है ?
2. भालू क्या-क्या खाता है ?
3. भालू दीमक किस तरह खाता है ?
   (वह अपनी थूथन से दीमकों की बांबी को तोड़ता है और ज़ोर से सांस लेकर दीमकों को अपने मुंह में खींच लेता है ।)
4. भालू में कौन-सी शक्ति अधिक होती है ?
5. भालू अक्लमंद होता है । इसे कोई कहानी सुनाकर स्पष्ट करो ।
6. भालू ने नकल किस प्रकार की ? इस बारे में कहानी सुनाओ ।
7. भारत में पाए जाने वाले रीछ के बारे में तुम क्या जानते हो ?
8. मादा भालू गुफा में रहकर बच्चों का पालन-पोषण क्यों करती है ?
   (क्योंकि नर भालू अपने बच्चों को नहीं देख सकता । वह कोशिश में रहता है कि अपने बच्चों को पटक दे । इसलिए मादा भालू अपने बच्चों का बड़ी होशियारी से पालन करती है । इस बात को कहानी सुनाकर स्पष्ट करें ।)
9. भालू पेड़ पर किस प्रकार चढ़ता है ?
   (यह पेड़ पर सीधा चढ़ता है यानि मुंह ऊपर और पूंछ नीचे)।
10. दुनिया में कितनी तरह के भालू पाए जाते हैं ?
    (दस - बारह तरह के)

11. 'मलाया के भालू' की क्या विशेषता होती है ?
   (यह सबसे छोटा होता है ।)

12. सबसे बड़ा भालू कहाँ पाया जाता है ?
   (अमरीका में 'कोडियन' भालू ।)

बच्चों को यह जानकारी दीजिए :

1. ये हर प्रकार की जलवायु में रह सकते हैं ।
2. ध्रुव प्रदेश में भालू सफेद होते हैं । वे 'बर्फ के भालू' कहलाते हैं ।
3. इसके मजबूत अंग, गद्दीदार तलवे और लम्बे नाखून ऐसे लगते हैं, जैसे खास तौर से पेड़ों पर चढ़ने के लिए बने हों ।
4. काला भालू उन जगहों में रहता है, जहाँ जंगल खूब घना हो । सफेद भालू बर्फीली जगह पसन्द करता है । भूरा भालू चाहे बंजर मैदान हो, चाहे पहाड़ी, चाहे जंगल, ये सभी जगह मस्त रहता है ।
5. भालूओं में सुनने और देखने की शक्ति कम होती है, परन्तु सूंघने की शक्ति प्रबल होती है ।
6. पैदाइश के समय इनके बच्चे बहुत छोटे होते हैं । शुरू में बच्चों की आँखें भी बन्द रहती हैं और लगभग एक महीने के बाद खुलती हैं ।
7. दो-तीन साल के होने पर बच्चे अपना स्वतंत्र जीवन बिताने लगते हैं ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 19.2.79 सोमवार

शीर्षक : फूलों की कहानी

उद्देश्य : 1. फूलों की उपयोगिता बताना ।

2. गुलाब, चमेली, गेंदा, महुआ तथा सूरजमुखी के फूलों के बारे में जानकारी देना ।

कार्यक्रम के विषय में :

इस कार्यक्रम में गुलाब, चमेली, सूरजमुखी, महुआ तथा गेंदे के फूलों के बारे रोचक ढंग से जानकारी दी गई है । यह भी बताया गया है कि फूल मैदान, रेगिस्तान, झील, समुद्र सब जगह होते हैं, सभी रंगों के होते हैं । कुछ फूल दवाइयों के काम आते हैं तथा कुछ फूल हमारी ज़रूरतें पूरी करते हैं ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में रुचि बच्चों की उत्पन्न करने के लिए उनसे फूलों पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. तुम्हें कौन-कौन से फूल अच्छे लगते हैं ?
2. तुम्हें फूल क्यों अच्छे लगते हैं ?
3. पेड़-पौधों को वृद्धि के लिए किस चीज़ की आवश्यकता होती है ?

आओ, आज हम 'फूलों की कहानी' कार्यक्रम देखें और फूलों के बारे में जानकारी प्राप्त करें ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

कार्यक्रम के संबंध में बच्चों से बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

1. कौन-सा फूल फूलों का राजा कहलाता है ?
2. गुलाब के बारे में तुम क्या जानते हो ?

(यह लाल, सफेद, काला, गुलाबी, पीला सभी रंगों का होता है । इसका इत्र बनता है जो बहुत ही सुगन्धित होता है । इसकी पंखुड़ियों का गुलकन्द बनता है, जो कि भूख बढ़ाता है ।)

3. गुलाब कौन से देश का राष्ट्रीय निशान है ?
( इंगलैण्ड का )

4. सूरजमुखी फूल की क्या विशेषता होती है ?

5. सूरजमुखी के फूल ने कहा कि मैं बड़े काम का हूँ । क्या सूरजमुखी का ऐसा कहना ठीक है ? क्यों ?

6. ( हाँ । क्योंकि इसके बीजों से तेल निकाला जाता है जो बहुत सारे कामों में आता है । इसे साफ़ करके खाया भी जाता है ।)

7. चमेली के फूल की क्या विशेषता होती है ?

8. चमेली का फूल हमारे किस-किस काम में आता है ?
( इसका तेल बनता है । यदि सिर दर्द हो रहा हो, तो चमेली के तेल की मालिश करने से बड़ा आराम मिलता है । चमेली के फूलों का इत्र बनता है ।)

9. महुआ के पेड़ को मक्खन पेड़ क्यों कहते हैं ?
( क्योंकि इन फूलों से घी भी बनाते हैं)

10. महुआ के फूलों को गुणकारी क्यों कहा गया है ?
( इनकी रोटियाँ बनाकर खाते हैं । फूलों से घी निकलता है । फूलों के बीज से तेल निकालते हैं ।)

11. फूल कहाँ कहाँ पाए जाते हैं ?
( मैदान, पहाड़ी, रेगिस्तान, झील, समुद्र)

12. फूलों का त्योहार कहाँ मनाया जाता है ?
( हिमाचल में )

13. फूल हमारी ज़रूरतें कैसे पूरी करते हैं ?
( कपास के फूल से रुई और रुई से कपड़े बनते हैं । कुछ फूल दवाइयों के भी काम आते हैं ।)

14. फूलों के पौधों की वृद्धि के लिए क्या-क्या आवश्यक है ?

15. दुनिया में सबसे बड़ा फूल कौन-सा है ?
( रिफ्लेशिया)

बच्चों को 'पाँच फूल हम न्यारे' गाना सिखाइए । बच्चे फूल बनकर अभिनय करते हुए इसे गा सकते हैं ।

"आसमान का रूप सजाये जैसे चंदा तारे
जीवन को जो मधुर बनाये बच्चे प्यारे-प्यारे
तन-मन को जो सुख पहुंचाये नित दिन सांझ सकारे
पांच फूल हम न्यारे - 3
मेरा नाम गुलाब जान हूं मैं सारे उपवन की
मुझ बिन फीकी रह जाती है सारी शान चमन की
मेरी मधुर सुगंध भगाती पीड़ा कुंठित मन की ।
मेरी ताज़गी हर लेती सुस्ती अलसाये तन की
मुझको सूंघ के खिल उठते हैं,
अंग जिस्म के सारे, पांच फूल हम न्यारे ।
सुनकर जिसका नाम सभी का मन करता अठखेली
वो फूलों की रानी हूं मैं मेरा नाम चमेली
चंचल मस्त करे सबको मेरी खुशबू अलबेली
सारी बस्ती महका देती मेरी बेल अकेली
मेरे तेल की चम्पी हर ले कष्ट शीश के सारे
पांच फूल हम न्यारे - 3
अपने बारे में मित्रो मैं क्या-क्या तुम्हें बताऊं
करूं सामना सूरज का तो सूरजमुखी कहाऊं
दृढ़ता का मैं चिन्ह और स्वाभिमान का बोध कराऊं
लेकिन मानव जीव जन्तु के काम अनेकों आऊं ।
माली से ही जान सकोगे तुम मेरे गुण सारे
पांच फूल हम न्यारे - 3
मक्खन पेड़ भी होता है एक कुदरत की लीला
उसी पेड़ की बेटी हूं मैं रंग है मेरा पीला

महुआ बाम है भईया मेरा स्वाद भी बड़ा रसीला
इसीलिये सब खाते मुझको सूखा हूँ या गीला ।
मेरे पेड़ का मक्खन खाकर तगड़े हो जाओ सारे
पाँच फूल हम न्यारे - 3

गेंदा हूँ मैं सबका साथी सबसे मेरा नाता
मैं तो बस जन हित की खातिर ही गर्दन कटवाता
पूजा शादी मस्तीशोक हर मौके पर मिल जाता
मालाओं में गुँथकर मैं औरों की शान बढ़ाता ।
जनसेवा करने के मेरे अलग ढंग हैं न्यारे
पाँच फूल हम न्यारे - 3
आसमान का रूप सजाये जैसे चंदा तारे
जीवन को जो मधुर बनाये बच्चे प्यारे-प्यारे
तन-मन को जो सुख पहुँचाये नित दिन साँझ सकारे
पाँच फूल हम न्यारे - 3

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 22. 2. 79 बृहस्पतिवार

शीर्षक : बदलते मौसम

उद्देश्य : बालकों को जानकारी देना कि मौसम क्यों बदलते हैं ?

विशिष्ट उद्देश्य : बच्चों को जानकारी देना कि :

1. मौसम बदलने का मुख्य कारण पृथ्वी की धुरी का सदा एक ओर झुका होना और साथ ही पृथ्वी द्वारा सूर्य का परिक्रमण ।
2. मानसून पवन जाड़े में स्थल से समुद्र की ओर और गरमी में समुद्र की ओर से स्थल की ओर चलती हैं ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें ये बातें बताई गई हैं :

1. पृथ्वी के भिन्न भिन्न भागों में एक ही समय अलग-अलग मौसम होता है । जैसे दिसम्बर में दिल्ली में सरदी होती है और आस्ट्रेलिया में गर्मी ।
2. पृथ्वी अपनी काल्पनिक धुरी पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती हुई 24 घंटे में एक चक्कर पूरा करती है । पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने को परिभ्रमण कहते हैं । इसी परिभ्रमण से दिन और रात बनते हैं । पृथ्वी की यह धुरी $23\frac{1}{2}^{0}$ झुकी हुई है ।
3. पृथ्वी पर कुछ काल्पनिक रेखाएं खिंची हुई मान ली गई हैं । पृथ्वी के बीचों-बीच भूमध्य रेखा है, जो पृथ्वी को दो गोलार्धों उत्तरी और दक्षिणी में बांटती है ।
4. पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती हुई सूरज के चारों ओर एक वर्ष में एक चक्कर लगाती है । पृथ्वी का ये परिक्रमण वार्षिक गति कहलाता है । इसी से मौसम बदलते हैं ।
5. सूरज से रोशनी, गर्मी तथा ऊर्जा मिलती है ।

6· सूरज की किरणें पृथ्वी के जिस हिस्से पर सीधी पड़ती हैं, वहाँ ज्यादा गर्मी तथा जहाँ तिरछी पड़ती हैं, वहाँ कम गर्मी पड़ती है ।

7· 23 सितम्बर, 22 दिसम्बर, 21 मार्च तथा 21 जून को सूर्य का चक्कर लगाती हुई पृथ्वी की स्थिति तथा उसका पृथ्वी के विभिन्न भागों के मौसम पर प्रभाव तथा दिन-रात का बड़ा, छोटा या बराबर होना बताया गया है ।

8· मौसम बदलने के चार कारण हैं : परिभ्रमण, परिक्रमण, धुरी का झुकाव तथा धुरी का समानान्तर होना ।

9· बरसात भी सूरज की गर्मी के कारण होती है, क्योंकि सूरज की गर्मी से समुद्र के पानी से भाप बनती है । सूरज की गर्मी से ही हवाएं चलती हैं, जो इस भाप को ज़मीन पर लाकर वर्षा करती हैं ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· मौसम से आप क्या समझते हैं ?

2· आजकल कौन-सा मौसम है ?

3· मौसम क्यों बदलते हैं ?

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

बालकों से कार्यक्रम के आधार पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1· दिल्ली में अधिक सर्दी कब पड़ती है ?

2· दिसम्बर में आस्ट्रेलिया में कौन-सा मौसम होता है ?

3. सूरज पृथ्वी से बहुत बड़ा होने पर भी छोटा क्यों दिखाई देता है ?
4. दिन-रात बनने का क्या कारण है ?
5. पृथ्वी की सूर्य परिक्रमा के क्या-क्या परिणाम होते हैं ?
6. कौन-सी अक्षांश रेखा पृथ्वी को दो गोलार्धों में बाँटती है ?
7. वर्षा किस प्रकार होती है ?
8. पृथ्वी जिस काल्पनिक धुरी पर घूमती है, उस धुरी के दोनों सिरों को क्या कहते हैं ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 26. 2. 79 सोमवार

शीर्षक : खत

उद्देश्य : बच्चों को जानकारी देना 1. पत्र क्यों लिखा जाता है ?

2. पत्र एक स्थान से दूसरे स्थान पर किस प्रकार पहुंचता है ?

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें बताया गया है कि पत्र क्यों लिखा जाता है । पहले पत्र पहुं-चाने के लिए कबूतरों से काम लिया जाता था । फिर घुड़सवार हरकारों से काम लिया जाने लगा । सड़कें बन जाने के बाद घोड़ागाड़ी, बसें और मोटरें भी काम आने लगीं । अब हवाई जहाज़ भी इस काम में आने लगे हैं ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. क्या आपने कभी पत्र लिखा है ?
2. हम पत्र क्यों लिखते हैं ?
3. पत्र हम किस प्रकार भेजते हैं ?
   (बच्चों से पत्र की यात्रा के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें।)
4. पत्र के लिए और किस-किस शब्द का प्रयोग किया जाता है ?

बच्चों को पोस्टकार्ड, अन्तर्देशीय पत्र, हवाई पत्र दिखाइए और उनसे बातचीत कीजिए ।

अब बच्चों को बताइए कि आज हम 'खत' पर कार्यक्रम देखेंगे ।

प्रसारण पश्चात् की गतिविधि :

कार्यक्रम के आधार पर बच्चों से बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. हम पत्र क्यों लिखते हैं ?

2. बहुत पहले पत्र किस प्रकार भेजे जाते थे ?

3. आजकल पत्र किस प्रकार एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजे जाते हैं ?

4. यदि आपको भारत में कहीं भी पत्र भेजना हो तो किन-किन बातों का ध्यान रखेंगे ?

(पत्र को पोस्टकार्ड या अन्तर्देशीय पत्र पर भी लिख सकते हैं और सादे कागज पर लिखकर लिफाफे में डाल सकते हैं । जिसे पत्र भेजना हो, उसका नाम व पूरा पता अन्तर्देशीय पत्र, पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर साफ-साफ लिखना चाहिए । पते के नीचे पिन कोड नम्बर देना चाहिए)

5. पते पर पिन कोड नम्बर क्यों देना चाहिए ?

6. आपने पत्र लिखकर उसे बन्द किया और पता लिखकर पत्र-पेटी (लेटर बॉक्स) में डाल दिया । इसके बाद पत्र किस प्रकार यात्रा करता है?

(डाकघर का कर्मचारी पत्र-पेटी (लैटर बॉक्स) से सारे पत्र निकालकर उन्हें थैले में डाल देता है । फिर सभी पत्रों को संबंधित डाकघर में जमा कर देता है । वहाँ से चिट्ठियों पर आसानी से मोहर लगाने के लिए उन्हें तरतीब से रखा जाता है और उनपर मोहर लगाई जाती है ।

दूसरा कर्मचारी डाक की छँटाई करता है तथा हर नगर की डाक के अलग-अलग बण्डल बना दिए जाते हैं ।)

7. उसके बाद क्या होता है ?

(नगर के सभी डाकघरों से डाक एक निश्चित स्थान पर भेजी जाती है। फिर देश के विभिन्न नगरों की डाक के तथा विदेशों की डाक के अलग-अलग थैले बनाए जाते हैं । उनमें हवाई जहाज़, जहाज़ और रेलगाड़ी से भेजे जाने वाली डाक अलग-अलग करके भेज दी जाती है ।)

8. जब डाक दूसरे नगर के केन्द्रीय स्थान में पहुंच जाती है, उसके बाद क्या होता है ?

(वहां पर थैले खोलकर विभिन्न क्षेत्रों की डाक की छंटाई की जाती है। फिर डाक को वितरण के लिए क्षेत्रीय डाकघर में भेजा जाता है। वहां चिट्ठियों पर मोहर लगाई जाती है और फिर डाकिया घर-घर में पत्र पहुंचाता है।)

बच्चों को जानकारी दीजिए कि :

1. पता लिखते समय पिन कोड नम्बर लिखें। पिन कोड से छंटाई आसान हो जाती है।
2. जिन स्थानों पर रेल नहीं जाती, वहां बसों से डाक भेजी जाती है। जहां बसें नहीं जाती, वहां साइकिल, खच्चर, घोड़े आदि द्वारा डाक भेजी जाती है। रेगिस्तान में ऊंट काम में लाए जाते हैं।
3. विदेश में यदि हवाई जहाज़ से पत्र भेजें तो अधिक पैसे लगते हैं और पानी के जहाज़ से कम।
4. चिट्ठी का वज़न जितना अधिक होगा, उस पर उतने अधिक मूल्य के टिकट लगेंगे।

क्रियाकलाप :

1. बच्चों को पत्र लिखने की विधि बताइए तथा उनसे पत्र लिखवाइए।
2. हो सके तो बच्चों को डाकघर में ले जाइए ताकि वह स्वयं देख सके कि वहां किस प्रकार कार्य होता है।
3. बच्चों से पाठशाला का पूरा पता लिखवाइए और उन्हें उस क्षेत्र का पिनकोड नम्बर बताइए।

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 1.3.79 बृहस्पतिवार

शीर्षक : हँसते–गाते

उद्देश्य : 1. खेल के माध्यम से ज्ञान बढ़ाना ।

2. समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास करना ।

3. प्रेक्षण शक्ति का विकास करना ।

4. भाषा का विकास करना ।

कार्यक्रम के विषय में :

यह प्रश्नोत्तर कार्यक्रम है । इस प्रकार का कार्यक्रम 18 जनवरी को भी प्रसारित किया गया था । इसमें बच्चों को दो टोलियों में बाँटा गया है । पहले एक प्रश्न पूछा गया है । जिस टोली का बालक प्रश्न का उत्तर ठीक देता है, उसी टोली का बालक दूसरी टोली के बच्चों से प्रश्न या पहेली पूछता है । इसी प्रकार यह खेल चलता रहता है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

बच्चों की कार्यक्रम में रुचि उत्पन्न करने के लिए इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. आपने जनवरी में दूरदर्शन में हँसते–गाते कार्यक्रम देखा था । उस कार्यक्रम के बारे में बताइए ।
2. आपको वह कार्यक्रम कैसा लगा था ? क्यों ?

बच्चों को बताइए कि आज वे प्रश्नोत्तर कार्यक्रम देखेंगे । वे ध्यान से प्रश्न या पहेली सुनें और सोचकर सही उत्तर बताएँ ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

बच्चों से कहिए कि वे इसी प्रकार की कुछ पहेलियाँ तथा प्रश्न सोचकर आएँ । अगले दिन बच्चों को दो टोलियों में बिठाकर प्रश्नोत्तर कार्यक्रम करवाएँ ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 5.3.79 सोमवार

शीर्षक : इम्तहानों की तैयारी

उद्देश्य : विद्यार्थियों को बताना कि वे परीक्षा की तैयारी कैसे करें ।

कार्यक्रम के विषय में :

कार्यक्रम एकलव्य और द्रोणाचार्य की कहानी से आरम्भ होता है । एकलव्य में तीन गुण थे - लगन, श्रद्धा, तथा अभ्यास । इन्हीं तीन गुणों पर बल दिया गया है । पढ़ाई के साथ खेल की आवश्यकता । परीक्षा से भयभीत न होना, ध्यान से प्रश्न पत्र पढ़ना तथा सुलेख आदि की ओर विद्यार्थियों का ध्यान दिलाया गया है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-

1. आप के इम्तहान कब होते हैं ?
2. आप इम्तहानों की तैयारी किस प्रकार करते हैं ?

बच्चों को बताइये कि आज का कार्यक्रम इम्तहानों की तैयारी पर है ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

कार्यक्रम के संबंध में बच्चों से बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. परीक्षा की तैयारी कब शुरू की जानी चाहिए ?
2. सुलेख का परीक्षा में क्या योगदान है ?
3. परीक्षा में प्रश्नों को हल करने से पहले ध्यान से पढ़ना क्यों आवश्यक है ?
4. पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त अन्य पठन-पाठन क्यों करना चाहिए ?
5. पठन-पाठन के साथ साथ खेल-कूद को महत्व क्यों दिया जाना चाहिए ?

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 8.3.79 बृहस्पतिवार

शीर्षक : एक जोड़ी सींग

उद्देश्य : यह जानकारी देना कि पशु किस प्रकार सींगों से अपनी रक्षा करते हैं तथा सींग किस-किस तरह के होते हैं ।

कार्यक्रम के विषय में :

इसमें बताया गया है कि सींग पशुओं के हथियार हैं । सींग सुरक्षा तथा बचाव का तरीका है । इनके अतिरिक्त सींग शोभा का कार्य भी करते हैं । सभी सींगवाले जानवर शाकाहारी होते हैं और इनके खुर चिरे हुए होते हैं ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे पशुओं पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. उन पशुओं के नाम बताओ जिनके सिर पर सींग होते हैं ?
2. वे कौन-कौन से पशु हैं जिनके सिर पर सींग नहीं होते ?
3. पशुओं के लिए सींग क्यों आवश्यक हैं ।

हम आज के कार्यक्रम द्वारा 'सींग' के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे ।

प्रसारण पश्चात् गतिविधि :

1. सींग को "हथियार" क्यों कहा गया है ?
2. क्या सींग केवल नर पशुओं के होते हैं या नर और मादा दोनों के? उदाहरण दीजिए ।
3. सींग हथियार के अतिरिक्त और कौन-सा कार्य करते हैं ?
4. उस पशु का नाम बताओ जिसके सींग हर साल झड़ जाते हैं और फिर नये आ जाते हैं ?
5. उस पशु का नाम बताओ जिसकी नाक पर सींग होते हैं ? (अफ्रीका का गेंडा)

6. सींगवाले जानवरों की क्या विशेषता होती है ?

क्रियाकलाप :

बच्चों से विभिन्न प्रकार के पशुओं के चित्र जमा करने को कहा जा सकता है । फिर उनका वर्गीकरण शाकाहारी-मांसाहारी, सींगवाले-बिना सींगवाले, पालतू-जंगली, आदि के आधार पर करवाया जा सकता है ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 12.3.79 सोमवार

शीर्षक : कहावतें तरह तरह की

उद्देश्य : 1. यह जानकारी देना कि कहावतों का प्रयोग क्यों किया जाता है ।

2. कुछ कहावतों का प्रयोग करते हुए उनका अर्थ स्पष्ट करना ।

कार्यक्रम के विषय में :

इस में बताया गया है कि कुछ बातें कहावतों द्वारा आसानी से कही जा सकती है । फिर कुछ कहावतों को चित्रों तथा कार्टून चित्रों के प्रयोग द्वारा समझाया गया है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कुछ ऐसी कहावतें जिनसे बालक परिचित हो, वाक्यों में प्रयोग कीजिए और उन्हें श्याम पट्ट पर लिख दीजिए । वाक्यों में प्रयुक्त कहावतों को रेखांकित करके बच्चों से पूछिये कि इन्हें क्या कहते हैं ? फिर उन्हें बताइये कि आज हम तरह-तरह की कहावतों पर एक कार्यक्रम देखेंगे ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

बालकों से पूछिए कि :

1. कहावतों तथा मुहावरों का प्रयोग क्यों किया जाता है ?
2. आपके घर में कुछ कहावतों का प्रयोग बातचीत में प्राय: होता होगा । उनमें से किसी एक कहावत का प्रयोग करते हुए उसका अर्थ बताइये ।
3. आज जिन कहावतों का प्रयोग आपने कार्यक्रम में देखा, उनमें से किसी एक का अपने वाक्य में प्रयोग करते हुए अर्थ बताइये ।
4. बच्चों से कहिये कि वे कुछ कहावतें लिखकर लाएं और कक्षा में उन पर बातचीत करें ।

प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रसारित दूरदर्शन कार्यक्रम

दिनांक : 15.3.79 बृहस्पतिवार

शीर्षक : उपग्रह

उद्देश्य : यह जानकारी देना कि :

1. उपग्रह किसे कहते हैं ?

2. उपग्रह हमारे जीवन में किस प्रकार सहायक हैं ।

कार्यक्रम के विषय में :

ग्रह के बारे में बताते हुए उपग्रह के बारे में बताया गया है । उपग्रह वह पिण्ड हैं, जो अपने अपने ग्रहों के चारों ओर चक्कर लगाते हैं । उनमें भी अपनी रोशनी नहीं होती । वे सूर्य की रोशनी से चमकते हैं । उदाहरण के लिए चन्द्रमा पृथ्वी का उपग्रह है । बहुत से कृत्रिम उपग्रह पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा रहे हैं । उपग्रह से मालूम हो जाता है कि मौसम कैसा रहने वाला है, कहां तूफान आने वाला है । इससे जान तथा माल की रक्षा की जा सकती है । इसके अतिरिक्त फोन पर बातचीत, सामूहिक शिक्षा, खेती-बाड़ी आदि की जानकारी के लिए तथा मनोरंजन व संस्कृति के विस्तार के लिए उपग्रह सहायक होते हैं । इसके द्वारा खनिजों के भण्डार का भी पता लगाया जा सकता है ।

प्रसारण पूर्व की गतिविधि :

कार्यक्रम में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के लिए उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. सौर मण्डल में कौन कौन से ग्रह हैं ?
2. सौर-मण्डल के सभी ग्रहों के लिए प्रकाश और गर्मी का स्त्रोत क्या है ?
3. सबसे बड़ा ग्रह कौन सा है ?
4. सबसे छोटा ग्रह कौन सा है ?
5. पृथ्वी का उपग्रह कौन सा है ?

अब उन्हें बताएं कि आज हम उपग्रह पर एक कार्यक्रम देखेंगे ।

प्रसारण पश्चात की गतिविधि :

बच्चों से कार्यक्रम पर बातचीत कीजिए । उनसे इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

1. उपग्रह किसे कहते हैं ?
2. ग्रह तथा उपग्रह में क्या अन्तर होता है ?
3. किसी एक उपग्रह का नाम बताइये ?
4. आप प्राय: विदेशों में हो रहे मैच का सीधा प्रसारण किसकी सहायता से देख पाते हैं ?
5. उपग्रह क्यों छोड़ा जाता है ?
6. उपग्रह हमारे जीवन में किस प्रकार सहायक हैं ?

# APPENDIX 29

## TEST ADMINISTRATION: INSTRUCTIONS

Raven's Coloured Progressive Matrices:

The children were asked to fill particulars about themselves on the record form. When this was done, the test books were distributed. Investigator opened the book to the first illustration, A1 and said: "Look at this" (Pointing to the upper figure) "you see it is a pattern with pieces cut out of it. Each of these pieces (pointing to each in turn) is the right shape, not the right pattern. Number I is the right shape but not the right pattern. Number 2 is not a pattern at all....only one is right. Investigator continued the explanation until the nature of the problem to be solved was clearly grasped by children. Then following instructions were given:

"Open your books to the first page. In the first page of your book, at the top there is set A and you have a column A here on your scoring form. You have to decide each time which of the bits given below is the right one to complete the pattern above. When you have found the right bit, you write its number on your scoring form against the number of the item. They are simple at the beginning and yet harder as you go on. Try each in turn from the beginning right to the end of the book. Do not miss any. You can have as much time as you like."

APPENDIX-30

The Programmes Most liked by Children

| S.No. | The most liked Programmes | | frequency of response (N-12) |
|---|---|---|---|
| 1. | Hanste Gate | हंसते गाते | 9 |
| 2. | Sab Se Takatwar Chuha | सबसे ताकतवर चूहा | 7 |
| 3. | Kabeer | कबीर | 6 |
| 4. | Phooloe Ki Kahani | फूलों की कहानी | 6 |
| 5. | Chay Ki Chuski | चाय की चुस्की | 6 |
| 6. | Khel Khel Me | खेल खेल में | 6 |
| 7. | Phal Tatha Beej Ki Yatra | फल तथा बीज की यात्रा | 5 |
| 8. | Cheentia | चींटियां | 5 |
| 9. | Ek Jori Jute | एक जोड़ी जूते | 4 |
| 10. | Bharat Scout aur Guide | भारत स्काउट और गाइड | 4 |
| 11. | Sikke Ki Kahani | सिक्के की कहानी | 4 |
| 12. | Maryada Puroshattam Ram | मर्यादा पुरुषोत्तम राम | 3 |
| 13. | Hamara Bhojan | हमारा भोजन | 3 |
| 14. | Khat | खत | 3 |
| 15. | Chuhe Ki Chithi | चूहे की चिट्ठी | 2 |
| 16. | Pahiya Ka Avishkar | पहिये का आविष्कार | 2 |

APPENDIX-31

The Programmes least liked by Children

| S.No. | The least liked Programmes | | Frequency of response (N-12) |
|---|---|---|---|
| 1. | Khel Dikhyae Bhalu | खेल दिखाए भालू | 11 |
| 2. | Imtehano Ki Tayari | इम्तहानों की तैयारी | 10 |
| 3. | Anokhi Bhatti Pet | अनोखी भट्ठी पेट | 6 |
| 4. | Camera | कैमरा | 5 |
| 5. | Upgrah | उपग्रह | 4 |
| 6. | Badalte Mausam | बदलते मौसम | 4 |
| 7. | Kaagaz Ki Kahani | कागज की कहानी | 2 |